छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2024 सत्र

बुधवार, दिनांक 7 फरवरी, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (*क्र. 272) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षों में कौन-कौन से ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य स्वीकृत हुए हैं? वर्षवार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के कितने कार्य पूर्ण हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? विस्तृत वर्णन देवें? **(ग)** कंडिका ''ख" के अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? विस्तृत विवरण देवें? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षों में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य की ग्रामवार एवं वर्षवार विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका 'क' के पूर्ण एवं अपूर्ण कार्य का विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** कंडिका 'ख' के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की संभावित तिथि का विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

रायपुर स्थित तेलीबांधा से व्हीआईपी चौक तक डिवाईडर निर्माण कार्य संबंधी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

2. (*क्र. 33) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा सत्र के दिनांक 4 जनवरी, 2023 के परिवर्तित अतारांकित प्र.स. 08 (क्र. 85) के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत तेलीबांधा चौक से व्ही.आई.पी चौक तक डिवाईडर सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु दिनांक 26.10.2022 को कुल कितनी लागत का टेण्डर जारी किया गया था तथा निर्माण कार्य, किस मद की राशि से, कब से, किस एजेंसी द्वारा (उसके मालिक का नाम, पता सहित) प्रारंभ कर दिया गया था ? विभाग को कब (दिनांक 30 नवंबर 2023 की स्थिति में) पता चला कि निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है? **(ख)** उक्त निर्माण कार्य किसके द्वारा, कितनी लागत से, किनकी अनुमति से कराया गया और इसके लिये नगर पालिका निगम रायपुर या नेशनल हाईवे प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति ली गयी या नहीं ? यदि नहीं ली गयी तो निर्माणकर्त्ता व्यक्ति/एजेंसी ने निर्माण कैसे कर दिया? निर्माण की जानकारी नगर पालिका निगम/राज्य शासन को कब हुयी? इस प्रकार जबरदस्ती निर्माण (शासकीय निर्माण पर) करने वाले व्यक्ति/ऐजेंसी के ऊपर क्या कार्यवाही की गयी? **(ग)** उक्त तरह के निर्माण कराने पर क्या कार्यवाही करने के प्रावधान शासकीय नियमों में हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 10 अंतर्गत

तेलीबांधा चौक से व्ही.आई.पी. चौक तक डिवाईडर का सौंदर्यीकरण कार्य हेतु दिनांक 26.10.2022 को 12 विभिन्न कार्य हेतु अलग-अलग कुल राशि रू. 200.36 लाख लागत का टेण्डर जारी किया गया था। उक्त कार्य हेतु अनटाईट फण्ड से स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्थल पर निर्माण कार्य पूर्व से प्रारंभ होने की जानकारी वार्ड निरीक्षण के दौरान उप अभियंता से प्राप्त हुई। उप अभियंता नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा स्थल पर निर्माण एजेंसी के मालिक का नाम, पता पूछने पर स्थल पर कार्यरत् मजदूरों द्वारा अनभिज्ञता जाहिर की जिसके कारण एजेंसी का नाम एवं पता नहीं चल पाया। निर्माण के संबंध में समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यम से सूचना प्राप्त होने पर जोन क्र. 10 द्वारा जारी की गई निविदा दिनांक 26.10.2022 को आयुक्त महोदय के पत्र क्र.794/स्टेनो/आयु./2022, रायपुर दिनांक 09.11.2022 द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया था। **(ख)** निर्माण एजेंसी, निर्माण लागत एवं अनुमति की जानकारी नगर पालिक निगम, रायपुर के पास नहीं है। निर्माण एजेंसी द्वारा नगर पालिक निगम, रायपुर से अनुमति नहीं ली गई थी। नेशनल हाईवे प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त होने की जानकारी निगम के पास नहीं है। उक्त स्थल नेशनल हाईवे प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आता है। जिसके कारण नगर निगम रायपुर को निर्माण की जानकारी नहीं थी। स्थल निरीक्षण में कार्य प्रारंभ होने की जानकारी प्राप्त होने तथा समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से भी निर्माण कार्य प्रारंभ होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। चूंकि स्थल पर निर्माण एजेंसी का नाम एवं पता स्थल पर कार्यरत् मजदूरों से प्राप्त नहीं हुआ, जिसके कारण निगम द्वारा कार्यवाही नहीं की गई। **(ग)** उक्त स्थल नेशनल हाईवे एथॉरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रांतर्गत होने से शासकीय नियमों के तहत् कार्यवाही नेशनल हाईवे एथॉरिटी ऑफ इंडिया को ही की जानी थी।

संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के पेचवर्क सुधार, संधारण/मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

3. (*क्र. 217) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 में दिनांक 11 जनवरी, 2024 तक संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी सड़कों के पेचवर्क सुधार, संधारण/मरम्मत कार्य के लिए कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई? कितने सड़कों का, कितनी-कितनी राशि से, किस-किस एजेंसी/फर्म के माध्यम से,पेचवर्क सुधार, संधारण व मरम्मत कार्य कराया गया? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' की किन-किन सड़कों में गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं एवं इन पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र** अनुसार है।

वन मंडल मरवाही के अंतर्गत अनियमितताओं की जांच तथा कृत कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

4. (*क्र. 268) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वन मंडल मरवाही के कार्यो की विगत चार वर्षों में कराई गई जांच में पाई गई अनियमितताओं की जांच के निष्कर्षो के आधार पर संस्थित कार्यवाहियों की वर्तमान स्थिति क्या-क्या है? **(ख)** क्या अनियमितताओं के संबंध में कोई जांच लम्बित है ? यदि हां तो इसका आदेश कब हुआ था, कब तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना था? यदि इसमें विलम्ब हुआ है तो उसके कारण क्या हैं तथा उत्तरदायित्व किनका-किनका है ? जांच कितनी अवधि में पूरी कराई जायेगी ? **(ग)** निष्फल व्ययों के कारण शासन को हुई आर्थिक क्षति की पूर्ति के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) मरवाही वनमण्डल अंतर्गत विगत चार वर्षों में कराई गई जांच में पाई गई अनियमितताओं की जांच के निष्कर्षो केआधार पर 07 प्रकरण में दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्धअनुशासनात्मक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संस्थित कार्यवाहियों की वर्तमान स्थिति **पुस्तकालय में रखे**

प्रपत्र 'अ' अनुसार है ।(ख) अनियमितताओं के कुल 72 प्रकरण जांच हेतु जांचअधिकारी के पास लंबित है। जांच की कार्यवाही शीघ्र ही पूर्ण की जावेगा। लंबित जांच प्रकरणों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब'अनुसार है ।(ग)** निष्फल व्ययों के कारण शासन को हुई आर्थिक क्षति की पूर्ति के लिए दोषी पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

कबीरधाम जिला अंतर्गत स्वीकृत सिंचाई परियोजना

[जल संसाधन]

5. (*क्र. 196) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिला अंतर्गत जनवरी, 2020 से दिसंबर, 2023 तक कौन-कौन सी सिंचाई परियोजना , जलाशय निर्माण, एनीकेट, स्टापडेम निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि के, कितने-कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? विकासखण्डवार /कार्यवार/वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है ? कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं अप्रारम्भ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आयी और उन पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार/कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) कबीरधाम जिला अंतर्गत जनवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक सिंचाई परियोजना, जलाशय, एनीकट, स्टापडेम निर्माण हेतु कुल 06 कार्यों की राशि रू. 22097.56 लाख की स्वीकृति हुई है। विस्तृत विकासखण्डवार कार्यवार वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क'के स्वीकृत कार्यों में से 06 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। 01 कार्य पूर्ण तथा 05 कार्य अप्रारंभ है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की 01 शिकायत प्राप्त हुई है। वर्ष 2021 में विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में स्वीकृत बीजाबैरागी-डोमाटोला एनीकट कम काजवे वर्ष 2022 में पूर्ण किया गया। इस कार्य में वर्ष 2023 में अति वर्षा के दौरान एनीकट के अपस्ट्रीम के बांयी ओर विंगवाल, डाऊनस्ट्रीम के बांयी ओर प्रोटेक्शन एवं बांयी तरफ मिट्टी का एप्रोच रोड कार्य में आंशिक क्षति हुई है। कार्य संधारण अवधि में क्षतिग्रस्त होने के कारण संबंधित निर्माण एजेन्सी द्वारा क्षतिग्रस्त भाग का सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

रायपुर से विशाखापट्टनम 6 लेन भारत माला मार्ग निर्माण हेतु वृक्षों की कटाई

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

6. (*क्र. 244) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रायपुर से विशाखापटनम् 6 लेन भारत माला योजनान्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु कितने वृक्षों को काटा गया है? कितने प्रजातियों की वृक्ष काटने की अनुमति कब और किससे ली गई ? किस-किस तिथि को 5वीं अनुसूची के तहत् ग्राम सभा से अनुमति ली गई ? ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने भूमि स्वामियों के विरूद्ध राजस्व प्रकरण तैयार किया गया है और कितनी राशि का मुआवजा प्रदान किया गया ? कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गई ? भूमि स्वामियों का नाम, ग्रामवार राशि सहित विवरण देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) धमतरी वनमण्डल के तहत् सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम 6 लेन भारत माला योजनान्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु वनक्षेत्र अंतर्गत 62728 वृक्ष एवं राजस्व क्षेत्र अंतर्गत 1489 वृक्ष इस प्रकार कुल 64217 वृक्षों को कांटा गया है। कांटे गये वृक्षों की प्रजातिवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-अ'' अनुसार है ।** सिहावा विधान सभा अंतर्गत वनक्षेत्र में अवस्थित 12 प्रजातियों के कुल 62728 वृक्ष को कांटने की अनुमति अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पा.) छ.ग. रायपुर द्वारा दिनांक 28.12.2022 को तथा राजस्व क्षेत्र में अवस्थित 10 प्रजातियों के कुल 1489 वृक्षों

को कांटने की अनुमति कलेक्टर जिला धमतरी द्वारा क्रमशः दिनांक 21.12.2022, दिनांक 23.01.2023 एवं दिनांक 23.01.2023 को प्रदान किया गया है। वृक्ष कांटने की अनुमति की **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-ब'' अनुसार है ।** वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रकरणों में वन अधिकार मान्यता पत्र संबंधी प्रमाण पत्र संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा दिये जाने के उपरांत ही वन भूमि व्यपवर्तन की कार्यवाही की जाती है । एफ.आर.ए प्रमाण पत्र **पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-स''' अनुसार है ।**दिनांक 21.02.2022 को सिहावा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग कुरूद के ग्राम राजपुर, केवारडीह, सरगी, से संबंधित पेड़ों को काटने की अनुमति दी गयी है। ये ग्राम 5वीं अनुसूची क्षेत्र अंतर्गत शम्मिलित नहीं है। दिनांक 21.02.2022 को सिहावा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग नगरी के ग्राम करैहा, सांकरा, चिवरी (माल), चिवरी (रै.), कोटरवाही ग्रामों के वृक्षों को काटने की अनुमति दी गई है। उपरोक्त ग्रामों के वृक्षों को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 240 एवं 241 तथा छत्तीसगढ़ आदिम जनजातियों का संरक्षण (वृक्षों मे हित) सशोधन अधिनियम 2022 के नियमों के अधीन जारी की गई है। सशोधित अधिनियम अनुसार वृक्षों को काटे जाने हेतु ग्रामसभा की पृथक से अनुमति की आवश्यकता नही होने के कारण अनुमति नहीं ली गई है। **(ख)** सिहावा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग कुरूद में 138 एवं अनुविभाग नगरी में 142 कुल 280 भूमि स्वामियों के विरुद्ध राजस्व प्रकरण तैयार किया गया। सिहावा विधान सभा अंतर्गत कुल 125911487/-रू. मुआवजा राशि प्रदाय कि गई। सिहावा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अनुविभाग कुरूद में 68061609/-रु. एवं अनुविभाग नगरी में 57249878/-रु. कुल 125911487/-रु. मुआवजा राशि प्रदाय कि गई। भूमि स्वामियों के नाम, ग्रामवार राशि सहित जानकारी पृथक से अनुविभागवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-द'' एवं ''प्रपत्र-ई'' अनुसार है ।**

राजनांदगांव जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

7. (*क्र. 292) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020 से प्रश्नावधि तक जे. जे. एम. के तहत कौन-कौन से कार्यों के लिए निविदा जारी कर, किस एजेंसी के साथ अनुबंध किया गया है? अनुबंध अनुसार कहां-कहां, क्या-क्या कार्य किया जाना हैं? विकासखंडवार, कार्यवार, टंकी की क्षमता, घरेलू कनेक्शन, पाईपलाईन की लंबाई एवं मेन पाईपलाईन की लंबाई, स्टेड पोस्ट की संख्या एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात मूल्यांकन सत्यापन करने वाले अधिकारी की जानकारी एजेंसीवार देवें? कार्य प्रारंभ नहीं होने एवं अधूरा छोड़ने पर एजेंसी पर क्या कोई कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : राजनांदगांव जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020 से प्रश्नावधि तक जे.जे.एम. के तहत् कार्यो के लिए निविदा जारी कर, एजेंसी के साथ अनुबंध, अनुबंध अनुसार किये गये कार्य की जानकारी विकासखंडवार, कार्यवार, टंकी की क्षमता, घरेलू कनेक्शन**,** पाईपलाईन की लंबाई एवं मेन पाईपलाईन की लंबाई, स्टेड पोस्ट की संख्या एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात् मूल्यांकन, सत्यापन करने वाले अधिकारी की एजेंसीवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। कार्य प्रारंभ नहीं होने एवं अधूरा छोड़ने पर एजेंसी पर की गयी कार्यवाही, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

तहसील गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं देवरी में राजस्व प्रकरणों का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

8. (*क्र. 175) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के तहसील गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं देवरी में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 31 दिसंबर तक फ़ौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं ऑनलाईन के कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? तहसीलवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** के आवेदनों मे से कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है? कितने आवेदन शेष हैं? **(ग)** शेष आवेदनों का निराकरण कब तक कर दिया जावेगा?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के तहसील गुण्डरदेही, अर्जन्दा एवं देवरी में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 31 दिसम्बर, तक फौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं आनलाईन के कितने आवेदन प्राप्त हुए तहसीलवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

तहसील	मदवार प्राप्त आवेदनों की संख्या								
	फौती/नामांतरण			बंटवारा			सीमांकन		
	वर्ष 2021-22	वर्ष 2022-23 (31 दिसम्बर तक)	योग	वर्ष 2021-22	वर्ष 2022-23 (31 दिसम्बर तक)	योग	वर्ष 2021-22	वर्ष 2022-23 (31 दिसम्बर तक)	योग
गुण्डरदेही	1828	1810	**3638**	682	551	**1233**	273	296	**569**
अर्जन्दा	2258	2570	**4828**	595	475	**1070**	152	94	**246**
मार्री बंगला देवरी	223	167	**390**	136	108	**244**	23	28	**51**
योगः-	**4309**	**4547**	**8856**	**1413**	**1134**	**2547**	**448**	**418**	**866**

(ख) प्रश्नांक **(क)** के आवेदनों में से कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है, कितने आवेदन शेष हैं कि जानकारी निम्नानुसार हैः-

तहसील	फौती/नामांतरण		बंटवारा		सीमांकन	
	निराकरण	शेष	निराकरण	शेष	निराकरण	शेष
गुण्डरदेही	3186	452	1175	58	544	25
अर्जन्दा	4662	166	1041	29	235	11
मार्री बंगला देवरी	367	23	223	21	49	2
योगः-	**8215**	**641**	**2439**	**108**	**828**	**38**

(ग) शेष सभी आवेदन समय-सीमा के भीतर लंबित है। समय-सीमा में सभी प्रकरणों का निराकरण कर दिया जावेगा।

राजनांदगांव जिले में आपदाओं के तहत जनहानि होने पर प्राप्त क्षतिपूर्ति राशि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

9. (*क्र. 296) श्री भोलाराम साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक सड़क दुर्घटना से मृत, तालाब, बांध व स्टापडेम में डूबने से मृत, सर्पदंश से मृत एवं अन्य आपदाओं के तहत जनहानि होने पर कितने व्यक्तियों के परिजनों को, कितनी-कितनी क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई? वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार पीड़ित परिवार के कितने व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति राशि देना शेष है ? तहसील वार जानकारी देवें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में सड़क दुर्घटना से मृत 141 व्यक्तियों के परिजनों को रूपये 35,25,000/- तथा प्राकृतिक आपदाओं से मृत 297 व्यक्तियों के परिजनों को रूपये 11,79,50,000/- क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है। वर्षवार, तहसीलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि देना शेष नही है। सड़क दुर्घटना से मृत 258 व्यक्तियों के परिजनों को रूपये 64,50,000/- क्षतिपूर्ति राशि देना शेष है। तहसीलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

कोण्डागांव जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत किये जा रहे कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

10. (*क्र. 306) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोण्डागांव जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत हुए हैं तथा किन फर्मो को किस दर पर क्या कार्य दिये गए हैं ? उक्त कार्य कब तक पूर्ण करने थे ? वर्तमान स्थिति क्या है तथा कौन से कार्य निर्धारित समय से कितने विलंब से अपूर्ण/अप्रारंभ हैं? उक्तानुसार कार्यो हेतु कितना भुगतान किया गया व शेष है ? वर्षवार, फर्मवार व कार्यवार जानकारी देवें ? मिशन के अंतर्गत कितनी राशि का भुगतान मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार डीडब्लूएसएम से लेने के उपरांत किया गया है व कितनी राशि का अनुमोदन भुगतान पश्चात् अभी तक नहीं लिया गया है? **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्यो में किस ग्रेड की सामग्री का उपयोग किया गया है ? वर्तमान एवं विगत वित्तीय वर्ष में किन कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत की गई व शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** क्या वर्तमान एवं विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा प्रदेश में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यो के लिए अधिकारियों के जांच/मूल्यांकन दल का गठन किया गया है? यदि हॉ, तो किन अधिकारियों को शामिल कर कब आदेश जारी किया गया है तथा इनके द्वारा कब प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है व क्या कमियां पाई गई हैं? कोण्डागांव जिले अंतर्गत जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) कोण्डागांव जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत 571 ग्रामों में कार्य स्वीकृत हुए हैं। कार्यादेशित फर्मो के नाम, दर तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि, कार्य की वर्तमान स्थिति तथा निर्धारित समय से विलम्ब, अपूर्ण/अप्रारंभ एवं किये गये कार्य की भुगतान राशि व शेष राशि की वर्षवार, फर्मवार व कार्यवार की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। मिशन के अंतर्गत भुगतान की गई समस्त राशि मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार डी.डब्ल्यू.एस.एम. के अनुमोदन उपरांत ही की गई है। भुगतान पश्चात् अनुमोदन नहीं लिये जाने की जानकारी निरंक है। **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्यो में निर्धारित मानक गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग किया गया है। वर्तमान एवं विगत वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यो की गुणवत्ता से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। **(ग)** जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्तमान एवं विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा प्रदेश के जिला कोण्डागांव के कार्य के लिए कोई भी अधिकारियों के जांच/मूल्यांकन दल का गठन नही किया गया है। आदेश एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का प्रश्न ही उत्पन्न नही होता है।

धरसींवा वि.स. क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराये गए कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

11. (*क्र. 255) श्री अनुज शर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र हेतु जलजीवन मिशन के अंतर्गत कौन-कौन से ग्रामों में कार्य स्वीकृत किये गये? यदि किये गये तो कितने बजट का आबंटन विभाग को प्राप्त हुआ एवं क्षेत्र के कौन से ग्रामों में कार्य प्रारंभ किये गये तथा कौन-कौन से ग्रामों में कौन-कौन सा कार्य अभी कराया जाना शेष है? ग्रामवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** वर्ष 2018 से 2023 में जल जीवन मिशन अंतर्गत धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में कितने पानी टंकियों का निर्माण कराया गया तथा कितने का निर्माण कार्य प्रारंभ या अपूर्ण है? अप्रारंभ या अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कराया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) धरसींवा विधानसभा क्षेत्र हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत समस्त 138 ग्रामों में स्वीकृत कार्यो की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। बजट का आबंटन विधानसभा क्षेत्रवार प्राप्त नहीं होता। अपितु कार्यो के भुगतान हेतु जिले को आहरण सीमा जारी की जाती है। विभाग को जल जीवन मिशन अंतर्गत दिसंबर, 2023 तक कुल राशि रु. 10069.73 करोड़ प्राप्त हुई है। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में कार्य प्रारंभ एवं शेष योजनाओं की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन वर्ष 2018 से नहीं अपितु 2019-20 में प्रारंभ हुआ है। अत: वर्ष 2019-20 से दिसंबर 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में 73 पानी टंकियों का निर्माण कार्य

पूर्ण कर लिया गया है। 30 अपूर्ण एवं 06 पानी टंकियों का निर्माण कार्य अप्रारंभ है। 30 अपूर्ण पानी टंकियों को मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। 06 अप्रारंभ पानी टंकियों को जून 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

12. (*क्र. 46) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत हुए हैं ? उनमें से कितने कार्य पूर्ण हुए एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? अपूर्ण हैं तो क्यों एवं इन अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ख)** पूर्ण कार्यो में कितने ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर जल प्रदाय कार्य प्रारंभ हो गया है ? जहां प्रारंभ नहीं हुआ है तो क्यों ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामों में स्वीकृत/पूर्ण/अपूर्ण कार्य एवं अपूर्ण होने का कारण तथा पूर्ण करने संबंधी जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** पूर्ण कार्यो में सभी 47 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर जल प्रदाय कार्य प्रारंभ हो गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

बसना विधानसभा क्षेत्र में तालाब व नहर लाईनिंग के स्वीकृत कार्यों की स्थिति

[जल संसाधन]

13. (*क्र. 113) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बसना विधानसभा श्रेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से अक्टूबर, 2023 तक कितने तालाब व नहर लाईनिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी? स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति क्या है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से अक्टूबर 2023 तक किसी भी तालाब की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। उक्त अवधि में देवगांव जलाशय के नहरों का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य तथा पक्के संरचनाओं के सुधार कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्य की निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

जांजगीर चांपा जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजना के कार्यों की स्थिति

[जल संसाधन]

14. (*क्र. 222) श्री ब्यास कश्यप : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा जिला अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक कौन कौन सी सिंचाई परियोजना ,जलाशय निर्माण, एनीकट, स्टापडेम निर्माण एवं लाईनिंग कार्य कितने-कितने एवं कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये? वर्षवार ,कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में अनियमितता , भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आई ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार, कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जांजगीर—चांपा जिले में वर्ष 2020 से दिसम्बर 2023 तक 01 जलाशय राशि रुपये 127.95 लाख, 06 एनीकट राशि रुपये 2553.85 लाख, 08 स्टॉपडैम राशि रुपये 1653.05 लाख एवं 28 कार्य लाईनिंग मरम्मत, राशि रू. 6213.94 लाख लागत के निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए हैं, वर्षवार, कार्यवार विवरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** स्वीकृत कार्यों में 22 कार्य पूर्ण

हो गए हैं, 05 कार्य अप्रारम्भ हैं, 03 कार्यों की निविदा प्रक्रियाधीन है। 13 कार्य अपूर्ण है, अपूर्ण कार्य को जून 2024 तक पूर्ण किया जाना संभावित है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार स्वीकृत कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः दोषियों पर कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

जल जीवन मिशन अंतर्गत केन्द्रांश एवं राज्यांश की राशि व स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

15. (*क्र. 167) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2019 से दिसंबर, 2023 तक कुल कितनी राशि प्राप्त हुई? प्राप्त राशि में से केन्द्रांश एवं राज्यांश कितना -कितना है? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि में से कितने कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये? स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, कितनें अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? वर्षवार/जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** योजना अंतर्गत कार्य पूर्णता की राज्य एवं केन्द्र द्वारा निर्धारित समय -सीमा क्या- क्या है? वर्तमान में कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? योजना अनुसार कितने घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना था एवं कितने में उपलब्ध कराया गया है, जिलेवार अद्यतन स्थिति बतावें? **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में निर्धारित मापदंड नियम विरूद्व कार्य करने, स्वीकृति कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार/जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2019 अर्थात वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर, 2023 तक प्राप्त केन्द्रांश व राज्यांश की राशि का वर्षवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि में से कार्य स्वीकृत नहीं किए जाते है, अपितु जल जीवन मिशन कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर 2023 तक स्वीकृत किये गये कार्यो एवं स्वीकृत कार्यो की राशि की जानकारी, पूर्ण कार्य, अपूर्ण कार्य, अप्रारंभ कार्य व अपूर्ण कार्यो को पूर्ण करने की संभावित तिथि की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** योजना अंतर्गत कार्य पूर्णता की राज्य एवं केन्द्र द्वारा निर्धारित समय-सीमा वर्ष 2024 है। दिसंबर 2023 तक 71.40% घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने का कार्य पूर्ण कर किया गया है। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रस्तावित घरेलू नल कनेक्शन एवं उपलब्ध कराये गये घरेलू नल कनेक्शन की अद्यतन जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में दिसंबर, 2023 तक निर्धारित मापदंड, नियम विरूद्ध कार्य करने, स्वीकृत कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार से संबंधित प्राप्त शिकायत एवं शिकायत पर की गई कार्यवाही का विवरण की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है।

जिला सक्ती में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

16. (*क्र. 280) श्री बालेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती में वन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में कुल कितने रकबा में कौन -कौन सी प्रजाति के पौधे किन -किन स्थानों पर लगाये गए हैं? **(ख)** योजनावार उक्त वृक्षारोपण में कितनी -कितनी राशि खर्च की गई? पृथक -पृथक जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

सरगुजा जिलान्तर्गत केन्द्र द्वारा आबंटित पुनर्वास भूमि का राजस्व भूमि में परिवर्तन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

17. (*क्र. 367) श्री प्रबोध मिंज : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) सरगुजा जिले में बांग्लादेशी शरणार्थियों को किस -किस ग्राम में एवं कितने लोगों को, कितनी भूमि पर बसाया गया है? **(ख)** क्या यह सही है कि केन्द्र शासन द्वारा आंबटित पुनर्वास भूमि को राजस्व भूमि मद में परिवर्तित किया गया है? **(ग)** क्या यह सही है कि उक्त भूमियों की खरीदी- बिक्री की अनुमति देने का अधिकार कलेक्टरों का हैं? यदि है तो किस नियम के अंतर्गत है? **(घ)** वर्ष 2019 से आज तक किन-किन व्यक्तियों को, कितनी भूमि की खरीदी एवं बिक्री की अनुमति दी गई है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) सरगुजा जिला के तहसील अंबिकापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भगवानपुर (सुभाषनगर), फुन्दरडिहारी, डिगमा (नेहरूनगर) चठिरमा, किशुननगर, सकालो, सरगवां, अजिरमा में कुल 381 परिवारों को 2877.95 एकड़ (1164.665 हे0) में बसाया गया है। **(ख)** जी हाँ । मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ-3-2/सात/शाखा-8 /81 दिनांक 29.09.1988 को उपरोक्त पुनर्वास ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। **(ग)** जी हां। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7ख) के तहत। **(घ)** वर्ष 2019 से आज तक कुल 69 प्रकरणों में कुल रकबा 19.440 हे0 भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान की गई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

भू-अर्जन में रायगढ़ जिले में एन. एच. 200 हेतु अनियमितता की प्राप्त शिकायतों की जांच

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

18. (*क्र. 85) श्री उमेश पटेल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी प्रोजेक्ट एन.एच. 200 के लिए कितने किसानों की, कितनी जमीन भू-अर्जन से ली गयी है? क्या जमीन को टुकड़े में बांटे जाने एवं जमीन का रकबा बढ़ाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो उक्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या धारा 3-ए के प्रकाशन के बाद भी खरीदी बिक्री हुई है ? क्या राजस्व अभिलेख में भी छेड़-छाड़ की गयी है ? यदि हां, तो उक्त अनियमितता पर किस प्रकार की जांच की गयी है एवं क्या कार्यवाही की गई है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) रायगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी प्रोजेक्ट एन.एच. 200 के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत 31 ग्रामों के 900 किसानों की 143.533 हेक्टेयर निजी भूमि को भू-अर्जन से ली गई है। जमीन को टुकड़े में बांटे जाने एवं जमीन का रकबा बढ़ाने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ख)** धारा 3-ए के प्रकाशन के बाद कोई खरीदी बिक्री नहीं हुई है तथा राजस्व अभिलेख में भी छेड़छाड़ नहीं की गई है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

19. (*क्र. 5) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क/मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जनवरी, 2024 तक कितने नवीन सड़कों की स्वीकृति एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य हुआ है? बजट में प्रावधानित एवं वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? प्रश्नांकित अवधि में जनवरी, 2024 तक कितनी सड़कों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार किया गया है ? यदि नहीं किया गया है तो क्यों, यदि किया गया है तो उस पर कितनी राशि व्यय की गई है? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ग)** लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कितने सड़क मार्ग हैं एवं कितने प्रस्तावित है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क/मुख्यमंत्री सड़क योजना में कितनी सड़कों का निर्माण, मरम्मत एवं संधारण का कार्य किया गया है, तथा कितनी शेष है? जिन्हें कब तक पूर्ण की जावेंगी ? समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, मुंगेली से प्राप्त कर **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'इ'** अनुसार है। **(ख)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब' एवं 'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, मुंगेली से प्राप्त कर **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'इ'** अनुसार है। **(ग)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'अनुसार है। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, मुंगेली से प्राप्त कर **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'इ'** अनुसार है। **(घ)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, मुंगेली से प्राप्त कर **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'इ'** अनुसार है।

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के बजट में शामिल निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति

[लोक निर्माण]

20. (*क्र. 77) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कितने सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया गया था? **(ख)** प्रश्नांश-क अंतर्गत कितने कार्यों की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या है ? **(ग)** बजट में शामिल कितने कार्य अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं ? कब तक स्वीकृति दी जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2021-22 - 06, वर्ष 2022-23 - 03, वर्ष 2023-24 - 11, योग- 20 कार्य। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृति प्राप्त कार्य - 03, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** शेष 17 कार्य स्वीकृति अप्राप्त। स्वीकृति की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

रायपुर शहर में स्काई वॉक के निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

21. (*क्र. 161) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर शहर में स्काई वॉक कब स्वीकृत हुआ था तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण होना था ?कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? कार्य अपूर्ण है तो इसके क्या कारण हैं और यदि कार्य को रोका गया है तो क्यों व इसके संबंध में किसके द्वारा क्या व कब आदेश जारी किये गये हैं ? क्या कोई जांच समिति का गठन किया गया है ? यदि हॉ, तो इसके कौन-कौन सदस्य थे तथा इसके द्वारा कब रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है तथा उसका निष्कर्ष क्या था ? कार्य को रोकने के लिये कौन उत्तरदायी है ? उक्त कार्य कब तक पुनः प्रारंभ किया जावेगा? **(ख)** क्या यह सही है कि स्काई वॉक के संबंध में ईओडब्ल्यू में भी शिकायत की गई थी ? यदि हॉं,तो क्या शिकायत की गई थी तथा प्रकरण की अद्यतन स्थिति क्या है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रायपुर शहर में स्काई वॉक निर्माण हेतु दिनांक 08.03.2017 को स्वीकृति प्राप्त हुआ था। अनुबंधानुसार कार्य की पूर्णता तिथि 23.01.2018 थी। लगभग 50 प्रतिशत भौतिक एवं वित्तीय कार्य करने के बाद दिनांक 05.04.2019 से कार्य बंद है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय, छ.ग. शासन की अध्यक्षता में ली गई समीक्षा बैठक दिनांक 01.03.2019 में लिये निर्णय अनुसार

कार्य रोका गया है। कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. सेतु संभाग रायपुर के दिनांक 05.04.019 के माध्यम से कार्य को स्थगित रखने हेतु अनुबंधक को पत्र जारी किया गया। जी हॉ। सामान्य प्रशसन विभाग द्वारा दो समितियों का गठन किया गया है, एक सामान्य सुझाव समिति और दूसरा तकनीकि सुझाव समिति। सदस्यों की सूची **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। सामान्य सुझाव समिति की तृतीय बैठक दिनांक 20.08.2020 को आयोजित की गई। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यगणों के सलाह एवं चर्चा उपरांत समिति के समक्ष कहा गया कि ''शास्त्री चौक पर निर्माणाधीन स्काईवॉक फुट ओव्हर ब्रिज के शेष कार्य को पूर्ण करने हेतु माननीय सदस्यों का सुझाव प्राप्त हुआ है। राज्य शासन के उच्च स्तरीय बैठक में लिये गये निर्णय उत्तरदायी है। निश्चित तिथि नहीं बतायी जा सकती। **(ख)** जी हॉ। ई.ओ.डब्ल्यू. में जांच प्रकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ई.ओ.डब्ल्यू. से प्राप्त कर **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

अकलतरा विकासखण्ड के महानदी विद्युत संयंत्र से शासन को प्राप्त जलकर की राशि

[जल संसाधन]

22. (*क्र. 181) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखण्ड के ग्राम नरियरा में संचालित महानदी विद्युत संयंत्र को प्रतिवर्ष जल की आपूर्ति हेतु, अनुबंध कब किया गया था ? संयंत्र को प्रतिमाह कितनी मात्रा में कहां से जल आपूर्ति की जाती है? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार विभाग को प्रतिवर्ष संयंत्र जलकर के रूप में कितनी राशि प्राप्त होती है? दिसम्बर, 2023 की स्थिति में कितना जलकर बकाया है तथा बकाया राशि की वसूली हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला जांजगीर चाम्पा के अकलतरा विकासखंड के ग्राम नरियरा में संचालित मेसर्स के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड हैदराबाद को 17.52 मि.घ.मी. वार्षिक जल आपूर्ति हेतु दिनांक 20.11.2014 को अनुबंध किया गया था । संस्थान को बसंतपुर बैराज से प्रतिमाह औसत 2.012 मि.घ.मी. जल की आपूर्ति की जा रही है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। दिसम्बर 2023 की स्थिति में रु. 69346.540 लाख जलकर बकाया है। बकाया राशि की वसूली हेतु समय-समय पर नोटिस जारी किया गया है। वर्तमान में मेसर्स के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड हैदराबाद का प्रकरण दिनांक 03.10.2019 से राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधीकरण (NCLT) में पंजीबद्ध है, विभाग द्वारा जलकर की बकाया राशि की वसूली हेतु NCLT के समक्ष दावा प्रस्तुत किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

जल संसाधन विभाग अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य हेतु स्वीकृत एवं व्यय राशि

[जल संसाधन]

23. (*क्र. 276) श्री संदीप साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल संसाधन विभाग अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र हेतु वर्ष 2022 एवं 2023 में सर्वेक्षण कार्य के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई तथा कितनी-कितनी राशि किन-किन मदों के सर्वे कार्य के लिए खर्च की गई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** उक्त सर्वे कार्य किन-किन एजेन्सियों/ठेकेदारों को प्रदान किया गया? **(ग)** इस कार्य में अनियमितता, भ्रष्टाचार अथवा फर्जी बिल बनाकर भुगतान करने की कितनी शिकायत प्राप्त हुई? **(घ)** यदि हाँ, तो दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जल संसाधन विभाग अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2022 में कुल 12 कार्यों के सर्वेक्षण कार्य के लिए रू. 28.55 लाख की स्वीकृति जारी की गई, जिसके विरूद्ध रू. 18.66 लाख खर्च की गई है। वर्ष 2023 में कुल 02 कार्यों के सर्वेक्षण कार्य हेतु रू. 4.75 लाख की स्वीकृति जारी की गई, जिसके विरूद्ध रू. 1.44 लाख खर्च की गई है। वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र**

अनुसार है। (ख) प्रश्नांश 'क' की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश 'ग' की जानकारी निरंक है। **(घ)** नहीं, कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

जिला जशपुर अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा धान खरीदी की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[सहकारिता]

24. (*क्र. 326) श्रीमती गोमती साय : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक जिला जशपुर अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में कितनी-कितनी मात्रा में धान खरीदी की गई ? किन-किन सहकारी समितियों में धान की मात्रा कम पाई गई तथा धान की मात्रा कम पाए जाने पर, किन-किन अधिकारियों/कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई? **(ख)** किन-किन सहकारी समितियों में धान खरीदी में अनियमितता की शिकायतें/जानकारी प्राप्त हुई? **(ग)** धान खरीदी हेतु कितने कृषकों के रकबा कम करने की शिकायतें प्राप्त हुई है? **(घ)** उपरोक्त संबंध में प्राप्त शिकायतों पर अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई, जानकारी दें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जशपुर जिला अंतर्गत प्रश्नांश में उल्लेतखित अवधि में समितिवार, उपार्जन केन्द्रवार धान खरीदी की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है** । वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक किसी भी समिति में धान की मात्रा में कमी नहीं पाई गई, वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन का कार्य प्रगति पर है, धान खरीदी समाप्ति उपरांत लेखा मिलान के पश्चात् ही धान की मात्रा में कमी के संबंध में जानकारी उपलब्ध हो पाएगी । शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है । **(ख)** जशपुर जिले में वर्ष 2020-21 से 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में दिनांक 18.01.2024 तक धान खरीदी में अनियमितता की शिकायतों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है**। **(ग)** जशपुर जिला अंतर्गत उक्त अवधि में धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों के रकबा कम करने संबंधी शिकायत संज्ञान में नहीं आयी है । **(घ)** प्रश्नांश **(ख)** में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य की जानकारी

[लोक निर्माण]

25. (*क्र. 38) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- सारंगढ़ से परसदा 12 किलोमीटर, एवं सारंगढ़ से दांनसरा 4 किलोमीटर और सारंगढ़ से हरदी 7 किलोमीटर की सड़क है, जो कि वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत आती है, उक्त कार्य स्वीकृत हुआ है या नहीं, जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : सारंगढ़ से परसदा लंबाई 12.40 कि.मी. राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर-पलारी-बलौदाबाजार- कसडोल-परसदा-सारंगढ़ (क्र.-130बी) का भाग है। सारंगढ़ से परसदा लंबाई 12.40 कि.मी. की स्वीकृति प्राप्त नहीं है। हरदी-सारंगढ़-दानसरा की कुल लंबाई 13.676 कि.मी. राष्ट्रीय राजमार्ग रायगढ़-सारंगढ़-सरायपाली, (क्र.-153) का भाग है। हरदी सारंगढ़ दानसरा लंबाई 13.676 कि.मी. विद्यमान मार्ग की स्वीकृति सारंगढ़ बायपास के नाम से प्राप्त है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

खुड़िया जलाशय का पानी मुंगेली शहर में पहुंचाने की योजना में स्वीकृत राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

1. (क्र. 10) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुड़िया जलाशय के पानी को पाईप लाईन के माध्यम से मुंगेली शहर मे पेयजल हेतु पहुंचाने की योजना हेतु कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई ? इस योजना का उदघाटन किसके द्वारा किया गया ? उक्त योजना में प्रश्न दिनांक तक कितनी राशि खर्च की गई ? क्या पुनरीक्षित आबंटन भी दिया गया ? बजट में कितनी राशि का प्रावधान है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार क्या उक्त योजना में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाने की कोई योजना लंबित है ? यदि हां, तो कब तक की जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

खैरागढ़ नगर पालिका परिषद अंतर्गत राजा फतेह सिंह स्पोर्टस क्लब हेतु स्वीकृत राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

2. (क्र. 28) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या डीएमएफ मद से खैरागढ़ नगर पालिका परिषद अंतर्गत राजा लाल बहादुर स्पोर्टिंग क्लब हेतु राशि स्वीकृत की गई है? **(ख)** प्रशनांश 'क' यदि हां, तो किस प्रयोजन हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? विस्तृत जानकारी दें। **(ग)** क्या उपरोक्त स्वीकृत कार्यों हेतु एनडीए जारी की गई है ? यदि हां तो निविदा कब आमंत्रित की गई थी निविदा में कितने फर्म/ एजेंसी ने भाग लिया था? किस फर्म/एजेंसी को निविदा प्राप्त हुई है? उपरोक्त कार्यो हेतु अब तक कितनी राशि व्यय की गई है ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हाँ। डी.एम.एफ. मद से खैरागढ़ नगर पालिका परिषद् अंतर्गत राजा लाल बहादुर स्पोर्टिंग क्लब हेतु राशि स्वीकृत की गई है। **(ख)** राजा लाल बहादुर स्पोर्टिंग क्लब में निम्नानुसार 14 विकास कार्य हेतु राशि रू. 197.15 लाख की स्वीकृत की गई है।

क्र	कार्य का नाम	स्वीकृत राशि (लाख में)
1	इनडोर बैडमिंटन हॉल नं. 1 निर्माण कार्य	19.88
2	इनडोर बैडमिंटन हॉल नं. 2 निर्माण कार्य	19.88
3	इनडोर बैडमिंटन हॉल नं. 3 निर्माण कार्य	19.88
4	इनडोर स्क्वैश हॉल निर्माण कार्य	11.76
5	स्केटिंग, लॉग टेनिस एवं बास्केट बॉल कोर्ट निर्माण कार्य	16.44
6	इनडोर हॉल, टेबल टेनिस निर्माण कार्य	11.76
7	स्पोर्टिंग क्लब में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	9.19
8	स्पोर्टिंग क्लब में सी.सी. रोड एवं फुटपाथ निर्माण कार्य	11.71
9	स्पोर्टिंग क्लब में बैडमिटन कोर्ट-1 निर्माण कार्य	16.08
10	स्पोर्टिंग क्लब में बैडमिटन कोर्ट-2 निर्माण कार्य	16.08
11	स्पोर्टिंग क्लब में लॉग टेनिस कोर्ट में फ्लोरिंग एवं लाईटिंग कार्य	15.62
12	स्पोर्टिंग क्लब में बास्केटबॉल कोर्ट में फ्लोरिंग एवं पोल स्थापना कार्य	8.28
13	स्पोर्टिंग क्लब में स्केटिंग कोर्ट निर्माण कार्य	7.24
14	स्पोर्टिंग क्लब में स्कैवश कोर्ट निर्माण कार्य	13.35
	योगः- 197.15	

(ग) निर्माण कार्य में एनडीए संबंधी कोई तकनीकी शब्दावली का उल्लेख नहीं है।निविदा दिनांक 28.08.2023 को आमंत्रित की गई थी।निविदा में तीन फर्म/एजेंसी ने भाग लिया था।मे. सिंह एसोसिएट्स, खैरागढ़ को निविदा प्राप्त हुई है।उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु अब तक राशि रू. 365035.00 (तीन लाख पैसठ हजार पैतीस रूपये मात्र) व्यय की गई है।

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत सड़कों के निर्माण की स्थिति

[लोक निर्माण]

3. (क्र. 39) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- पूर्व में स्वीकृत नवरंगपुर से सिंघनपुर पहुंच मार्ग, खैरा छोटे से भेड़वन मुख्य मार्ग से कौआताल,सुवाताल पहुंच मार्ग, कपिस्दा से बरदुला गोपालभौंना तक पहुंच मार्ग, तथा रीवापार से डगनिया तक पहुंच मार्ग की टेंडर प्रक्रिया कब तक पूरी कर ली जाएगी तथा कार्य कब तक प्रारंभ होगा ? वर्तमान में क्या स्थिति हैं? कृपया जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : प्रश्न में उल्लेखित मार्ग की टेण्डर प्रक्रिया एवं कार्य प्रारंभ की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। वर्तमान में कार्य अप्रारंभ है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण कार्य की स्थिति

[लोक निर्माण]

4. (क्र. 47) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में कितने सड़क निर्माण, पुल-पुलिया एवं शासकीय आवास तथा स्कूल भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति हुई है? उसकी अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत कार्य के विरूद्ध कितने कार्य पूर्ण एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? अपूर्ण हैं तो क्यों ?कारण बतावें तथा कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

5. (क्र. 86) श्री उमेश पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत विकासखण्डवार जल जीवन मिशन के कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं और कितने कार्य पूर्ण हुए हैं? अपूर्ण कार्यों की अपूर्णता के क्या कारण हैं और कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगे ? **(ख)** प्रश्नांश-क अंतर्गत क्या जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो किस प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है और क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो कब तक कार्यवाही की जायेगी? **(ग)** जिला-रायगढ़ अंतर्गत वर्तमान में जल जीवन मिशन अंतर्गत कितनी पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है और कितने घरों में नल का जल पहुंच रहा है? कितनी ग्राम पंचायतों के कितने घरों में कार्य पूर्णता के बाद भी नल का जल नहीं पहुंच रहा है और वहां जल पहुंचाने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रायगढ़ जिला अंतर्गत जल जीवन मिशन के 1348 कार्य स्वीकृत हुए हैं और 143 कार्य पूर्ण हुए है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अपूर्ण कार्यो की अपूर्णता का कारण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अपूर्ण कार्य वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। **(ख)** प्रश्नांश-क अंतर्गत जल जीवन मिशन अतंर्गत निर्माणाधीन कार्य में किसी प्रकार की शिकायत

प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्तमान में जल जीवन मिशन अंतर्गत 21 पंचायतों में कार्य पूर्ण हो चुका है और 9018 घरों में नल का जल पहुंच रहा है। कार्य पूर्णता पंचायतों के सभी घरो में नल का जल पहुंच रहा है। कार्य पूर्णता के बाद भी नल का जल नहीं पहुंचने वाले ग्राम पंचायतों एवं घरों की संख्या **निरंक** है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

राजनांदगांव से मानपुर सड़क मार्ग का निर्माण

[लोक निर्माण]

6. (क्र. 92) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव से मानपुर सड़क मार्ग का निर्माण कौन से मद से, कितनी लागत से हुआ है ? **(ख)** उपरोक्त मार्ग की निर्माण एजेन्सी कौन है ? कितने वर्ष तक संधारण किया गया है और कितनी राशि खर्च हुई है ? **(ग)** उपरोक्त मार्ग वर्तमान में जर्जर हो गया है, अत; उसका मरम्मत कार्य कब तक किया जायेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) मद का नाम- छत्तीसगढ़ स्टेट रोड डेव्हलपमेंट सेक्टर प्रोजेक्ट (ए.डी.बी. लोन-1), लागत राशि - रु. 10478.00 लाख, कार्य पूर्णता वर्ष - 2009 **(ख)** एजेंसी का नाम - 1. मेसर्स नागार्जुन कंपनी, 2. मेटास इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड। संधारण अवधि - 1 वर्ष। खर्च राशि - रु. 0.00 **(ग)** जी नहीं, समय-समय पर मार्ग का संधारण किया जाता रहा है एवं वर्तमान में मार्ग की स्थिति आवागमन के योग्य है।

जल जीवन मिशन के कार्यों के अंतर्गत अनियमिता की जॉंच

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

7. (क्र. 100) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से प्रश्न दिनांक तक किन कार्यों हेतु कितना लक्ष्य दिया गया? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं? मिशन अंतर्गत उक्त अवधि में कितनी केन्द्रांश व राज्यांश की राशि उपलब्ध करायी गयी? कितना व्यय/शेष है? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें? मिशन के अंतर्गत कितनी राशि का भुगतान मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार डीडब्लूएसएम से लेने के उपरांत किया गया है व कितनी राशि का अनुमोदन भुगतान पश्चात् अभी तक नहीं लिया गया है? **(ख)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत भ्रष्टाचार, घटिया पाईप लाईन व अनियमितताओं को लेकर किन-किन के द्वारा, कब-कब शिकायत की गई और उन पर क्या कार्यवाही की गई? क्या विभाग द्वारा मिशन के कार्यो के संबंध में वित्तीय वर्ष 2022-2023 व 2023-2024 में जांच दलों का गठन कर जांच कराई गई है? यदि हॉं, तो किन अधिकारियों को जांच दल में शामिल किया गया है? इनका गठन कब किया गया है? इनके द्वारा जांच प्रतिवेदन कब दिया गया है एवं क्या अनियमितता/कमियां पाई गईं? उपरोक्त अवधि में किन संस्था/फर्मों हेतु ब्लेक लिस्ट/प्रतिबंधित/अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही की गई है तथा क्यों की गई व उन्हें कितनी राशि का कार्य दिया गया था?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 18.01.2024 तक कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन के कार्यो हेतु निर्धारित लक्ष्यों की संख्या, पूर्ण एवं अपूर्ण की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 18.01.2024 तक प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश राशि तथा व्यय एवं शेष राशि की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 18.01.2024 तक मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार डी.डब्ल्यू.एस.एम. से अनुमोदन लेने के उपरांत भुगतान किया गया एवं अनुमोदन, भुगतान पश्चात अभी तक नहीं लिए जाने की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में**

रखे प्रपत्र-स अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत भ्रष्टाचार, घटिया पाईप लाईन व अनियमितता संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं किये गये कार्यवाही का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है। जी नहीं। अपितु श्री एस.एस. धकाते, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, खंड महासमुंद एवं श्री एस.आर.नेताम, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, खंड कांकेर के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच मिशन संचालक कार्यालय के कार्यपालन अभियंता के माध्यम से करायी गई। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। जल जीवन मिशन के कार्यो के संबंध में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में 18 जनवरी, 2024 तक की अवधि में ब्लेक लिस्ट/प्रतिबंधित/अनुबंध समाप्त किये गये संस्था/फर्म की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ई** अनुसार है।

प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत कराये गए कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

8. (क्र. 101) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत कौन-कौन से क्षेत्र शामिल हैं तथा इनमें कार्य स्वीकृत करने के लिए किन-किन समितियों की स्वीकृति/अनुमोदन आवश्यकता होती है? प्रदेश समिति में तथा स्मार्ट सिटी योजना में इन समितियों में कौन-कौन सदस्य, कब से हैं? बिलासपुर स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक कौन-कौन से कार्य स्वीकृत, प्रारंभ, पूर्ण व अपूर्ण/अप्रारंभ हैं एवं कौन से कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नही हुए हैं? वर्षवार, कार्यवार, राशिवार व फर्मवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार उक्त कार्यों के लिये कितनी राशि का भुगतान किया गया है तथा इसके लिये कंडिका 'क' अनुसार किस समिति की स्वीकृति/अनुमोदन कब प्राप्त किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? कार्यो के संबंध में क्या शिकायत व किसके द्वारा की गई है व इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत नगर निगम रायपुर, नगर निगम बिलासपुर तथा नवा रायपुर अटल नगर शहरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। स्मार्ट सिटी के कार्यों को स्वीकृत करने हेतु वित्तीय सीमाओं के आधार पर संचालक मंडल, एम्पावर्ड कमेटी एवं प्रबंध संचालक के द्वारा स्वीकृति/अनुमोदन किया जाता है। समितियों के सदस्यों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है**। बिलासपुर स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक कार्यो की वांछित **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है।(ख)** उक्तकार्यों के लिए राशि रू.165.65 करोड़ का भुगतान किया गया है। संचालक मंडल की स्वीकृति उपरांत वित्तीय सीमाओं के आधार पर सक्षम स्वीकृति/ अनुमोदन उपरांत कार्य किया गया है। स्वीकृति/अनुमोदन एवं भुगतान संबंधी **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है**। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में कार्यों से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

आबादी क्षेत्र में निवासरत ग्रामवासी को पट्टा दिया जाना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

9. (क्र. 108) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या नगर निगम-रायपुर एवं बीरगांव के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र में विस्तार के तहत कई गांवों को निगम क्षेत्र में शामिल किया गया है ? क्या आबादी क्षेत्र में निवासरत ग्रामवासी को पट्टा अप्राप्त होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है ? **(ख)** क्या आबादी क्षेत्र में कई पीढ़ी से निवासरत ग्रामवासियों की संख्या का सर्वे हुआ है ? यदि हां, तो कितनी संख्या है ? **(ग)** क्या इनको पट्टा देने के संबंध में योजना है ? यदि हां, तो कब तक दिया जा सकेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिक निगम, रायपुर के गठन उपरान्त दिनांक 31 -12 -2003 को 26 ग्राम पंचायतों एवं दिनांक 08 -06 -2011 को 07 ग्राम पंचायतों को निगम क्षेत्र

में शामिल किया गया। नगर पालिक निगम, बीरगांव के गठन उपरान्त किसी भी ग्राम पंचायत को निगम क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है।राज्य शासन द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में आबादी (प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को दिशा-निर्देशों के अनुरूप "पात्र हितग्राही प्रमाण-पत्र" का वितरण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ दिया जा रहा है।**(ख)**आबादी क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों की संख्या का सर्वे राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2018 में किया गया था, जिसकी संख्या नगर पालिक निगम, रायपुर में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में 6077 एवं नगर पालिक निगम, बीरगांव में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में 858 है।**(ग)** जी हाँ। समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

प्रदेश में राजीव युवा मितान क्लब का संचालन

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

10. (क्र. 109) श्री मोतीलाल साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2022 से 2023 तक राजीव युवा मितान क्लब को भुगतान की गई राशि की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** राजीव युवा मितान क्लब द्वारा प्रश्नांश **(क)** अनुसार अवधि में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के कितने कार्यक्रमों का आयोजन किया गया? वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** राजीव युवा मितान क्लब में इस वर्ष कितनी राशि आबंटित की गई है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है। (ग)** राजीव युवा मितान क्लब में वर्ष 2024 में राशि आबंटित नहीं की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

जिला महासमुंद में कौशल विकास हेतु आबंटित राशि

[कौशल विकास]

11. (क्र. 115) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुंद अंतर्गत विगत 03 वर्षो में कौशल विकास हेतु कितनी राशि,कौन-कौन से मद में आबंटित की गयी है? वर्षवार विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" की प्राप्त राशि से कौन-कौन से ट्रेड में, कहाँ कहाँ और कितने-कितने विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया है? **(ग)** कंडिका "ख" के कितने प्रशिक्षणार्थियों को शासन द्वारा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये गये हैं एवं रोजगार दिए गये हैं? वर्षवार विवरण देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला महासमुंद अंतर्गत विगत 03 वर्षों में कौशल विकास हेतु राशि रू 35,00,000 (शब्दों में–पैंतीस लाख रूपये) प्रशिक्षण मद में आबंटित की गयी है। वर्षवार, मदवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ग)** कंडिका "ख" के 10 प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार एवं 35 को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं । प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित युवाओ को सीधे शासन द्वारा रोजगार / स्वरोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है अपितु सम्बंधित प्रशिक्षण केंद्र द्वारा रोजगार / स्वरोजगार या जिले स्तर पर आयोजित प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाता है । वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

स्मार्ट सिटी अंतर्गत स्वीकृत कार्य एवं राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

12. (क्र. 162) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्मार्ट सिटी योजना में कार्य स्वीकृत करने के लिए किन-किन समितियों की स्वीकृति अनुमोदन

आवश्यक है ? इन समितियों में कौन-कौन सदस्य है? प्रदेश की स्मार्ट सिटी के लिए विगत 2 वित्तीय व इस वित्तीय वर्ष में कितनी राशि किन-किन कार्यो के लिये स्वीकृत की गई ?कितने का भुगतान किया गया व कितने का भुगतान किया जाना शेष है? इनमें से कितनी राशि उक्तानुसार समितियों से अनुमोदन, कार्योत्तर अनुमोदन व बिना अनुमोदन के जारी की गई है? **(ख)** स्मार्ट सिटी के कार्यो में अनियमितता, भ्रष्टाचार, नियमों के उल्लंघन एवं अन्य के संबंध में कितनों के द्वारा उक्त अवधि में क्या-क्या शिकायतें की गई एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई तथा इनमें कौन-कौन दोषी पाया गया? रायपुर के साईंस कॉलेज में स्मार्ट सिटी के द्वारा बनाई जा रही चौपाटी कितने क्षेत्रफल में बनाई जा रही है तथा भूमि का लैण्डयूज पैर्टन क्या है ? इसमें कितनी राशि खर्च हुई है और किस-किस फर्म को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना के कार्यों को स्वीकृत करने हेतु वित्तीय सीमाओं के आधार पर संचालक मंडल, एम्पावर्ड कमेटीएवं प्रबंध संचालक के द्वारा स्वीकृति/अनुमोदन किया जाना आवश्यक है। समितियों के सदस्यों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' अनुसार है**। स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत विगत 2 वित्तीय वर्ष (2021-22, 2022-23) एवं इस वित्तीय वर्ष (2023-24) तक कार्यो की वांछित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब' अनुसार है**। **(ख)**स्मार्ट सिटी रायपुर/बिलासपुर/नवा रायपुर अटल नगर में कार्यों की शिकायत एवं की गई कार्यवाही तथा अन्य संबंधित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स' अनुसार है**। रायपुर के साईंस कॉलेज के पास रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 7700वर्ग मीटर क्षेत्रफल में यूथ हब ग्रीन कॉरिडोर परियोजना अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। उक्त भूमि का लैण्डयूज पैर्टन मास्टर प्लान में सार्वजनिक, अर्द्ध-सार्वजनिक (शैक्षणिक) एवं मार्ग मद में दर्ज है। उक्त कार्य हेतु राशि के व्यय का विवरण एवं फर्म को भुगतान की गई राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'द' अनुसार है।**

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों की स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

13. (क्र. 168) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2023 तक नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कितने कार्यो हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई है? कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं कितने अप्रारम्भ हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेगें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

विधानसभा क्षेत्र बस्तर में नल जल योजना/जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

14. (क्र. 171) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत जल जीवन मिशन/नल जल योजना के तहत् कितने गांवों व घरों में नल कनेक्शन दिये जाने का कार्य स्वीकृत/प्रस्तावित है ? कृपया ग्राम पंचायतवार जानकारी देंवे ? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कहां-कहां टंकी निर्माण के कार्य पूर्ण अथवा अपूर्ण हैं तथा कितने ग्रामों में पाईप लाईन बिछाव का कार्य पूर्ण अथवा अपूर्ण है? **(ग)** अद्यतन स्थिति में कितने ग्रामों व घरों में पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत 173 गांवों के 49,597 घरों में नल कनेक्शन दिये जाने का कार्य स्वीकृत है। ग्राम पंचायतवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्यो में से टंकी निर्माण के कार्य पूर्ण/अपूर्ण

तथा ग्रामों में पाईप लाईन बिछाव कार्य पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** अद्यतन स्थिति में ग्रामों एवं घरों में पानी सप्लाई की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

15. (क्र. 180) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक केन्द्र प्रवर्तित/राज्यप्रवर्तित एवं अधोसंरचना मद के स्वीकृत कार्यो की जानकारी निकायवार स्वीकृति राशि सहित वर्षवार देवें ? **(ख)** स्वीकृत कार्यो में से कितने पूर्ण कितने अपूर्ण तथा कितने प्रचलित है? वर्षवार, निकायवार बतावें ? अपूर्ण एवं अप्रारंभ के कारण सहित जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के तहत स्वीकृत कार्यो/प्रचलित कार्यो में प्राप्त अनियमितता की शिकायत एवं की गई कार्यवाही की जानकारी/वर्षवार देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क),(ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला-कबीरधाम अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

16. (क्र. 197) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला कबीरधाम अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल कितनी राशि प्राप्त हुई ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि में से कितने कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये? स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारम्भ हैं ? अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ग)** योजना अंतर्गत कितने घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना था एवं कितने में उपलब्ध कराया गया है? कार्य की अद्यतन स्थिति बतावे? **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में निर्धारित मापदंड, नियम विरुद्ध कार्य स्वीकृति एवं कार्यो में अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार/विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला कबीरधाम में वर्ष 2020 से दिसम्बर 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत प्राप्त राशि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जिला कबीरधाम अंतर्गत 964 कार्यों की **(**योजना**)** स्वीकृति प्राप्त है, स्वीकृत कार्यो की वर्षवार राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। स्वीकृत कार्यो में से 126 कार्य पूर्ण एवं 838 कार्य अपूर्ण है एवं अप्रारंभ कार्य निरंक है। अपूर्ण योजनाओं को वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है । **(ग)** जिला कबीरधाम में जल जीवन मिशन योजना अतंर्गत 1,76,826 घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना है, दिसम्बर 2023 की स्थिति में 1,30,320 घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। **(घ)** जिला कबीरधाम में प्रश्नांकित अवधि में निर्धारित मापदंड, नियम विरूद्ध कार्य स्वीकृति एवं कार्यो में अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में खराब एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 200) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पुरानी एवं खराब सड़कों एवं मार्गों की मरम्मत, रखरखाव किये जाने के क्या नियम हैं तथा कितने वर्षों में संधारण एवं मरम्मत के प्रावधान हैं? **(ख)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में कितने मार्ग जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हैं? वर्ष 2022 से दिनांक 31-12-2023 तक ऐसी कितनी सड़कों एवं मार्गों के संधारण, मरम्मत के कितने कार्य हेतु, कितनी राशि का व्यय किया गया? वर्षवार बतावें? वर्तमान मे ऐसी कितनी सड़कें एवं मार्ग हैं, जिनकी मरम्मत किये जाने हेतु शासन स्तर पर प्रस्ताव लंबित हैं तथा कब तक मरम्मत की जावेंगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : परफारमेंस अवधि में सड़कों का मरम्मत/सुधार अनुबंधक द्वारा किया जाता है, तथा जो सड़कें पी.जी. अवधि में नहीं रहती, उनका मरम्मत/संधारण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आबंटन की उपलब्धता अनुसार निम्नानुसार कराया जाता है। 1. **साधारण मरम्मत -** उपलब्ध आबंटन अनुसार प्रतिवर्ष कराया जाता है, इसमें साधारण रखरखाव पैचवर्क आता है। **2. सतह नवीनीकरण-** प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल में यदि आबंटन उपलब्ध हो तो आवश्यक होने पर सतह नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान है। **3. विशेष मरम्मत -** आवश्यकतानुसार उपलब्ध आबंटन के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त कर कराया जाता है। **4. मजबूतीकरण -**आवश्यकतानुसार बजट में मजबूतीकरण हेतु प्रस्तावित कर स्वीकृति प्राप्त की जाती है, एवं स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य कराया जाता है। **(ख)** जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मार्ग नहीं है। पैच रिपेयर मार्गों की संख्या - 66 व्यय राशि- रू. 321.64 लाख, नवीनीकरण कार्य की संख्या - 22, व्यय राशि- रू. 401.85 लाख, विशेष मरम्मत कार्य की संख्या - 09, व्यय राशि - रू. 79.13 लाख, वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। वर्तमान में कोई भी मार्ग के मरम्मत हेतु प्रस्ताव शासनस्तर पर लंबित नहीं हैं। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

जिला जांजगीर चांपा में जलजीवन मिशन से स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

18. (क्र. 223) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल कितनी राशि प्राप्त हुई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की राशि में से कितने कार्य ,कितनी राशि के, कहां-कहां स्वीकृत किये गये ? स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण -अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? अपूर्ण कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? **(ग)** योजना अंतर्गत कितने घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित था एवं कितनों को उपलब्ध कराया गया है? कार्य की अद्यतन स्थिति बतावें? **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में निर्धारित मापदंड एवं नियम विरूद्ध कार्य स्वीकृत करने एवं कार्यो में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत जिलों को राशि प्राप्त नहीं होती है, अपितु कार्यो के भुगतान हेतु आहरण सीमा जारी की जाती है। पूर्ववती जिला जांजगीर चांपा (जांजगीर-चांपा एवं सक्ती) के अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर, 2023 तक कुल 76778.856 लाख की आहरण सीमा जारी की गई है। जारी की गई आहरण सीमा की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत जारी की गई आहरण सीमा कार्यो के स्वीकृति के लिये नहीं वरन् भुगतान हेतु की गई है, अपितु जिले में 1152 कार्य, राशि रु. 139138.19 लाख स्वीकृत किये गये तथा स्वीकृत कार्यो में से 409 कार्य पूर्ण, 733 अपूर्ण एवं 10 अप्रारंभ है एवं अपूर्ण कार्यो को वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। स्वीकृत किये गए कार्यो की ग्रामवार योजनावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** योजनांतर्गत पूर्ववर्ती जिला जांजगीर-चांपा (जांजगीर-चांपा एवं सक्ती) में 311739 घरों में

नल कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित था एवं 256062 घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। कार्य की पूर्ण-अपूर्ण एवं अप्रारंभ की अद्यतन स्थिति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में निर्धारित मापदंड एवं नियम विरुद्ध कार्य स्वीकृत करने की 01 एवं कार्यो में अनियमितता की 16 एवं भ्रष्टाचार की 01 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

बेलतरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

19. (क्र. 229) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत जनवरी ,2020 से 10 जनवरी , 2024 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य ,कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किए गए ? वर्षवार, कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई? कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं,? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे, ?वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आया? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

बिलासपुर स्मार्टसिटी योजनान्तर्गत निर्धारित के कार्यक्षेत्र

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

20. (क्र. 230) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर स्मार्टसिटी योजना का निर्धारित कार्यक्षेत्र कितना क्या-क्या एवं कहां-कहां तक है ? क्या कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी की गई है? यदि हाँ, तो कितनी एवं कब-कब? क्या कार्यक्षेत्र में वृद्धि हेतु भारत सरकार से अनुमति आवश्यक है ? यदि हाँ, तो कब-कब अनुमति ली गई? **(ख)** बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत कितनेअधिकारी/कर्मचारी किस-किस स्तर के कब-कब से कार्यरत हैं? **(ग)** योजनांतर्गत कितने अधिकारी/कर्मचारी पदस्थ/संलग्न हैं? क्या पदस्थापना हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से इस हेतु सहमति ली गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्लान अंतर्गत पैनसिटी योजनाओं हेतु संपूर्ण नगर निगम की सीमा (वर्ष 2016 अनुसार) एवं चयनित एरिया बेस्ड डेवेल्पमेंट (ए.बी.डी) हेतु कुल 1041 एकड़ का क्षेत्र सम्मिलित है। शामिल क्षेत्रों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है।** जी नहीं कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार की वद्धि नहीं की गई है।कार्यक्षेत्र में वृध्दि की अनुमति केन्द्र सरकार से लिया जाना आवश्यक है। कार्यक्षेत्र में वृद्धिनहीं होने के कारण अनुमति नहीं ली गई है।**(ख)** बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब"अनुसार है**। **(ग)** योजनांतर्गत **जानकारी प्रपत्र संलग्न 'ब' अनुसार है**। जी हॉ, छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश दिनांक 21.05.2018 द्वारा बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड हेतु पद संरचना स्वीकृत की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

सरायपाली नगर पालिका परिषद का विभिन्न वित्तीय वर्षों में प्राप्त राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

21. (क्र. 237) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरायपाली नगर पालिका परिषद् को वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10-01-2024 तक किस-किस मद में कितनी राशि प्राप्त हुई है? उक्त राशि किस-किस कार्य के लिए कब-कब खर्च की गई है? मदवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरायपाली नगर पालिका परिषद को वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 10.01.2024 तक की मदवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मार्गो के डामरीकारण एवं उन्नयन कार्य हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

22. (क्र. 245) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक कौन - कौन से मार्ग के डामरीकरण, अभिलेख उन्नयन हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई ? विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** वर्णित "क " में स्वीकृत कार्यो की कार्य एजेंसी कौन-कौन है तथा वर्तमान में कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है ? विकासखंडवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

23. (क्र. 256) श्री अनुज शर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में क्या नगर पंचायत/ग्राम पंचायत में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी /मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर अन्य विभागों से कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं? यदि हैं, तो नाम,पद तथा विभागवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** नगर पंचायत/ग्राम पंचायत में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी /मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के किस पद/रेंक तक के कर्मचारी नियुक्त किये जा सकते हैं? क्या विभाग द्वारा तय मापदंडों के विरुद्ध किसी कर्मचारी को इस पद पर नियुक्त किया गया है? यदि हाँ, तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) राज्य में वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में नगर पंचायतमें प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर अन्य विभागों से कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किये गये थे, जिनके नाम, पद तथा विभागवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है** । **(ख)** नगर पंचायत में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ''ग'' वर्ग वेतनमान लेवल-9 (छठवां वेतनमान रू. 9300-34800-4300 ग्रेड पे) के पद पर कार्यालय अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक श्रेणी ''ग'', राजस्व उप निरीक्षक, सहायक वर्ग-दो, मुख्य लिपिक, मुख्य लिपिक सह लेखापाल, लेखापाल या समकक्ष वाले कर्मचारी की नियुक्ति की जा सकती है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कमी को देखते हुए विभाग द्वारा प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदस्थ किये गये हैं ।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

खैरागढ़ में बाईपास निर्माण की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

24. (क्र. 260) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या खैरागढ़ में बाईपास सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है? यदि हां, तो इस कार्य हेतु कब व कितनी राशि स्वीकृत की गई है? **(ख)** उपरोक्त सड़क निर्माण हेतु कुल कितने कृषकों की, कितनी भूमि अर्जित की गई है? कृषकवार, खसरा नंबर, रकबा एवं स्वीकृत मुआवजा राशि की जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** क्या उपरोक्त बाईपास मार्ग में पुलिया निर्माण प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या उसकी प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन से प्राप्त हो चुकी है? वर्तमान में कार्य की प्रगति क्या है? यदि पुलिया निर्माण हेतु निविदा जारी की गई हो तो निविदा दिनांक , निविदा प्राप्तकर्ता का नाम , प्रस्तावित कार्य अवधि, निर्माण लागत की जानकारी प्रदान करें व बताएं कि उपरोक्त बाईपास निर्माण व पुलिया निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ, दिनांक 03.09.2014 रू. 3116.10 लाख **(ख)** कृषक की संख्या-114, रकबा-23.467 हेक्टेयर, स्वी. मुआवजा राशि-रू. 2628.76 लाख। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ, बाईपास सड़क की प्रशासकीय स्वीकृति में 03 नग वृहद पुल की स्वीकृति शामिल है। शेष जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

25. (क्र. 264) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विगत् वित्तीय वर्ष 2023-24 में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नीलूपारा, तमनार से कुंजरा, लैलूंगा तक दूरी 28 किमी सड़क मार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था? **(ख)** यदि हाँ, तो उक्त सड़क मार्ग के निर्माण कार्य के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई थी? **(ग)** उक्त सड़क निर्माण कार्य की वर्तमान में क्या स्थिति है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी निरंक।

लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खारून नदी पर निर्माणाधीन पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

26. (क्र. 265) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोतरा मार्ग पर खारून नदी पर निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य कब स्वीकृत किया गया था तथा उसकी लागत कितनी थी? **(ख)** उक्त निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य की वर्तमान में क्या स्थिति है तथा उक्त पुल निर्माण हेतु पूर्णता अवधि कितने वर्षों की तय की गई थी? यह पुल निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोतरा मार्ग पर खारुन नदी पर पुल निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। **(ख)** प्रश्न ही नहीं उठता। जिला रायगढ़ के लैलूंगा से पोतरा मार्ग पर खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित है, अतः पूर्णता अवधि बताना संभव नहीं है।

प्रदेश में हाथियों के कारण हुई जानमाल की क्षति

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

27. (क्र. 269) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिसंबर, 2023 से 13 जनवरी, 2024 तक हाथियों के कारण हुई जानमाल की क्षति का एवं हाथियों की हुई मृत्यु का वनमंडलवार विवरण बतावें? **(ख)** कण्डिका **(क)** में उल्लेखित क्षति से प्रभावितो को क्या क्या आर्थिक सहायता की पात्रता है तथा उन्हें कितनी आर्थिक सहायता दी गई है? शेष राशि कब तक दे दी जायेगी ? **(ग)** हाथियों से होने वाली जानमाल की क्षति तथा मानवीय त्रुटियों के कारण होने वाली हाथियों की मृत्यु का निवारण करने के लिए विभाग के द्वारा क्या-क्या उपाय किये जाते हैं? इस प्रकार के प्रयासों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने के क्या कारण हैं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) दिसम्बर, 2023 से 13 जनवरी, 2024 तक हाथियों के कारण हुई जानमाल की क्षति का एवं हाथियों की हुई मृत्यु का वनमंडलवार विवरण **संलग्न ''प्रपत्र-अ'' एवं ''प्रपत्र-ब'' में दर्शित है।(ख)** हाथी द्वारा क्षति से प्रभावितों को शासन द्वारा देय आर्थिक सहायता की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-स'' में दर्शित है ।** प्रश्नांकित अवधि में कुल 1507 प्रकरणों में राशि रू. 1,71,79,010/- सहायता राशि भुगतान किया गया है। लंबित जनहानि के 01, फसल क्षति 11, मकान क्षति 02 एवं अन्य क्षति के 07 कुल 21 प्रकरण में क्षतिपूर्ति भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने से लंबित है, जिसका समयावधि 30 से 40 दिनों में भुगतान कर दिया जायेगा।**(ग)** हाथियों से होने वाली जानमाल की क्षति तथा मानवीय त्रुटियों के कारण होने वाली हाथियों की मृत्यु का निवारण करने के लिए विभाग द्वारा किये जा रहे उपाय की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-द'' में दर्शित है।** उपरोक्तानुसार सभी कार्य प्रयास के रूप में सतत रूप से किये जा रहे हैं तथापि जंगली हाथियों के अप्रत्याशित व्यवहार के कारण कई बार आशातीत सफलता नहीं मिल पाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों को कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण

[कौशल विकास]

28. (क्र. 274) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**प्रदेश में विगत 03 वर्षों में कुल कितने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों को कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया हैं? वर्षवार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के प्रशिक्षित बैगा परिवार के सदस्यों में से कितने लोगों को शासन द्वारा शासकीय, संविदा एवं प्लेसमेंट के माध्यम से सेवा का अवसर प्रदान किया गया है? वर्षवार विस्तृत विवरण देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रदेश में विगत 03 वर्षों में कुल 10 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों को छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया हैं । वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** कंडिका ''क'' के प्रशिक्षित बैगा परिवार के सदस्यों में से 7 लोगों को शासन द्वारा शासकीय सेवा में रोजगार का अवसर प्रदान किया गयाहै । वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

29. (क्र. 277) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिए लोक निर्माण विभाग अंतर्गत बजट 2022-23 एवं बजट 2023-2024 में कितनी सड़कों के निर्माण के लिए कितनी-कितनी राशि के कार्य शामिल किये गये हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा कितने कार्य

स्वीकृति हेतु लम्बित हैं? **(ग)** वर्तमान स्थिति में कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कौन-कौन से कार्य प्रगति पर हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 के बजट में 51 सड़कों के निर्माण के लिये रु. 33030.76 लाख के कार्य शामिल किये गये है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 03 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा 48 कार्य की स्वीकृति लंबित है। अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

जिला सक्ती में सड़कों का निर्माण एवं प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 281) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्ती जिले में कितनी सड़कों का निर्माण किया गया है? नाम,लागत व ठेकेदार सहित बतायें? **(ख)** कितनी सड़कों की गुणवत्ता खराब होने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई ? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र अनुसार है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

31. (क्र. 284) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र में शहर की सफाई व्यवस्था हेतु किस प्लेसमेंट एजेंसी के एवं शासकीय कर्मचारी कितनी-कितनी संख्या में,किस-किस पद पर कार्यरत हैं? **(ख)** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह कितनी राशि भुगतान की जाती है तथा शहर की सफाई हेतु किस-किस प्रकार की कितनी-कितनी गाड़ियों का प्रयोग किया जाता है ? विगत 4 वर्षों में और क्या-क्या मेकेनिकल संसाधनों की खरीदी किस-किस लागत से की गयी है ? वर्षवार नगर पालिका में उपयुक्त वाहनों तथा खरीदी वर्ष, लागत की जानकारी प्रदान करें? **(ग)** विगत 5 वर्षों में ऐसी कितनी सामग्री है, जिनका अपलेखन (डिस्पोजल) किया गया है या कबाड़ मानकर विक्रय किया गया है ? खराब सामग्री, वाहनों की वर्तमान जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र में शहर की सफाई व्यवस्था हेतु प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स विकास कुमार जायसवाल बगीचा, जशपुर के माध्यम से 100 सफाई कर्मचारी, 04 वाहन चालक एवं 20 स्वच्छता कमाण्डों कार्यरत् हैं। 18 शासकीय सफाई कर्मचारी, तथा 02 सफाई जमादार कार्यरत् हैं। **(ख)**नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह निम्नानुसार राशि भुगतान की जाती हैः-

1	प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी	राशि रू. 1010010.00
2	. नियमित सफाई कर्मचारी	राशि रू. 845004.00
3	नियमित सफाई जमादार	राशि रू. 90606.00
4	स्वच्छता कमाण्डों	राशि रू. 202002.00
5	मिशन क्लीन सिटी	राशि रू. 900000.00
6	प्लेसमेंट वाहन चालक	राशि रू. 49240.00

शहर की सफाई व्यवस्था हेतु निम्नानुसार गाड़ियो का प्रयोग किया जाता हैः-

1	जे.सी.बी.मशीन	01 नग
2	टे᳭क्टर	04 नग
3	टिप्पर	04 नग
4	ई-रिक्शा	30 नग
5	स्वीपिंग मशीन	01 नग
6	मिनी एक्सवेटर	01 नग
7	वैक्यूम इम्पीटियर	01 नग
8	लो बेट टू व्हीलर	04 नग
9	ट्राय सायकल	42 नग

विगत 4 वर्षो में निकाय द्वारा निम्नानुसार मैकेनिकल संसाधन क्रय किया गया है:-

क्रं.	संसाधन का नाम	क्रय वित्तीय वर्ष	लागत राशि रू. (लाख में)
1	वैक्यूम इम्पीटियर मशीन 01 नग	2019-20	5.07
2	टे᳭क्टर 02 नग	2021-22	13.30
3	ट्राली 02 नग	2021-22	6.47
4	स्वीपिंग मशीन 01 नग	2021-22	2.89
5	जे.सी.बी. 01 नग	2021-22	31.50
6	स्काई लोडर 01 नग	2021-22	31.50
7	पानी टैंकर 03 नग	2022-23	13.59
8	काउ कैचर 01 नग	2022-23	6.00
9	लो बेट टू व्हीलर ट्राली 04 नग	2022-23	15.60
10	ई रिक्शा 30 नग	2022-23	64.20
11	मिनी एक्सवेटर 01 नग	2023-24	25.00

(ग) निकाय में विगत 5 वर्षो में ऐसी सामग्री, जिनका अपलेखन (डिस्पोजल) किया गया है या कबाड़ मानकर विक्रय किया गया है निम्नानुसार हैः-

क्रं.	सामग्री का नाम	मात्रा
1	फोटो कॉपी मशीन	01 नग
2	फैक्स मशीन	01 नग
3	प्रिंटर एचपी	02 नग
4	प्रिंटर विप्रो	02 नग
5	बैटरी	03 नग
6	स्टेपलाईजर	02 नग
7	स्केनर	02 नग
8	वैक्यूम इम्पीटियर मशीन	01 नग
9	टे᳭क्टर ट्राली	04 नग
10	टे᳭क्टर इंजन	05 नग
11	लोहे का डस्टबीन	06 नग
12	पशु वाहन	01 नग
13	टी.पी.एस. वाहन	01 नग
14	टयूब लाईट एवं रॉड	200 नग

वर्तमान में खराब सामग्री वाहनों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्रं.	सामग्री का नाम	मात्रा
1	फॉयर वाहन	01 नग
2	जे.सी.बी	02 नग
3	टिप्पर	06 नग
4	ट्राय सायकल	08 नग

भाटापारा विधानसभा अंतर्गत उद्योगों हेतु भूमि अधिग्रहण एवं प्रदत्त रोजगार

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

32. (क्र. 285) श्री इंद्र साव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस-किस स्थान की, कितनी-कितनी भूमि को नवीन उद्योगों के लिये शासन द्वारा अधिग्रहीत किया गया है तथा कितनी भूमि को सीमेंट प्लांटों द्वारा खरीदा गया है? शासन द्वारा भूमि अधिग्रहण के क्या प्रावधान हैं? **(ख)** क्या सीमेंट प्लांटों द्वारा किसानों की भूमि खरीदी का प्रकरण भाटापारा राजस्व कार्यालय में लंबित है? लंबित होने के क्या कारण हैं ? क्या किसानों को अपनी जमीन विक्रय के बदले सीमेंट प्लांटों में रोजगार देने का प्रावधान है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नवीन उद्योगों के लिए कोई भूमि शासन द्वारा अधिग्रहित नहीं किया गया है। अंबुजा (अडानी) सीमेंट पॉवर प्लांट रवान द्वारा ग्राम माल्दी में 140.672 हे., ग्राम मोपर में 205.050 हे. एवं ग्राम देवरानी में 45.475 हे. कुल 391.198 हे. भूमि किसानों से आपसी सहमति के आधार पर खरीदा गया है। भूमि अधिग्रहण के विषय में भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतीकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 प्रावधानित है। **(ख)** जी हाँ, सीमेंट प्लांटों द्वारा भूमि खरीदी के प्रकरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में होने के कारण लंबित है। सीमेंट प्लांट द्वारा किसानों की आपसी सहमति के आधार पर जमीन क्रय किये जाने के फलस्वरूप भूमि विक्रय के बदले सीमेंट प्लांट में रोजगार देने को प्रावधान नहीं है।

राजनांदगाव जिला के ग्राम सोमनी में शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री की शिकायतों पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

33. (क्र. 293) श्री दलेश्वर साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला के ग्राम सोमनी में शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो किन-किन लोगों या जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गयी है? क्या इस संबध में किसी कर्मचारी को निलंबित या विभागीय जाँच की जा रही है? उक्त ग्राम के किस खसरा नंबर की भूमि की खरीदी-बिक्री का पंजीयक द्वारा पंजीयन कब और किसके पक्ष में किया गया है? जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जी हॉ। राजनांदगांव जिला के ग्राम सोमनी में शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री के संबंध में ग्राम पंचायत सोमनी के सरपंच श्रीमती लता यादव एवं उपसरपंच श्री पंकज तिवारी तथा श्री हेमंत ओस्तवाल, पूर्व पार्षद, सदस्य छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स जिला राजनांदगांव से शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत के आधार पर तहसीलदार राजनांदगांव द्वारा 202312090800058 ब/121 वर्ष 2023-24 दर्ज कर जांच किया जा रहा है, जांच प्रगतिरत है। उक्त संबंध में श्री रवि पटेल, तत्कालीन पटवारी, ग्राम सोमनी, तहसील व जिला राजनांदगांव को निलंबित कर विभागीय जांच दिनांक 19.01.2024 को संस्थित की गई है। वर्ष 1985 से वर्ष 2022 तक खसरा नंबर 190/1 का टुकड़ा का 43 विक्रय पंजीयन पत्र, खसरा नंबर 190/4 का टुकड़ा का 1 विक्रय पंजीयन पत्र एवं 190/7 का टुकड़ा का 5 विक्रय पंजीयन पत्र, इस प्रकार कुल 49 विक्रय पंजीयन पत्र द्वारा विक्रय होने की जानकारी **प्रपत्र अनुसार संलग्न** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन पुल-पुलिया सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

34. (क्र. 297) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा किन-किन भवन/पुल-पुलिया व सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई ? वर्षवार, कार्यवार

जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कौन-कौन से कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं ? यदि अपूर्ण हैं तो क्या कारण है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]**

कोण्डागांव जिले में कैम्पा योजना के कार्यों हेतु प्राप्त एवं व्यय राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

35. (क्र. 307) सुश्री लता उसेंडी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोण्डागांव जिला में कैम्पा योजना अंतर्गत अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक किन कार्यो के लिए, कितनी राशि, कब प्राप्त हुई? इसमें कितनी राशि व्यय की गई व कितनी शेष है? कार्यवार, राशिवार व वनमण्डलवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार कार्यो में कौन-कौन से कार्य निर्धारित समयावधि में अपूर्ण/अप्रारंभ हैं? कार्यवार व पूर्णता की तिथिवार जानकारी देवें? कार्य समयावधि में पूर्ण न करने पर किन-किन कार्यों के लिये समयावधि बढ़ाई गई व किन नियमों के तहत बढ़ाई गई है तथा विलंब हेतु कितनी शास्ति अधिरोपित/कार्यवाही की गई है? **(ग)** कंडिका 'क' अनुसार कार्यो के संबंध में किस-किस के द्वारा, क्या व कब शिकायत की गई है? इस पर क्या कार्यवाही गई? शिकायतवार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) कोण्डागांव जिला में कैम्पा योजना अंतर्गत अप्रैल, 2021 से नवम्बर, 2023 तक के कार्य हेतु प्राप्त राशि, प्राप्ति दिनांक, व्यय राशि एवं शेष राशि की कार्यवार, राशिवार व वनमण्डलवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-अ'' अनुसार है ।(ख)** कंडिका 'क' अनुसार कार्यों में कोई भी समयावधि निर्धारित नहीं की गई है। कार्यवार व पूर्णता की तिथिवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-अ'' अनुसार है ।** कार्य समयावधि में पूर्ण न करने पर समयावधि नहीं बढ़ाई गई है तथा विलंब हेतु कोई शास्ति अधिरोपित नहीं की गई है।**(ग)** कंडिका 'क' अनुसार कार्यों के संबंध में की गई शिकायत एवं कृत कार्यवाही की **जानकारी पुस्तकालय में रखें ''प्रपत्र-ब'' अनुसार है ।**

वर्ष 2020 से 2023 तक राज्य मार्गों के निर्माण एवं रखरखाव में व्यय राशि

[लोक निर्माण]

36. (क्र. 309) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2020 से 2023 तक कुल कितने राज्य मार्गों का निर्माण किया गया है? **(ख)** राज्य मार्गों के रख—रखाव पर खर्च की गई राशि व कार्यों का विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) निरंक। विद्यमान राज्यमार्गों के उन्नयन व मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' अनुसार है। (ख)** जानकारी **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-'ब' अनुसार है।**

नगर पालिका अकलतरा एवं नगर पंचायत बलौदा के अंतर्गत विकास कार्यो की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

37. (क्र. 311) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पालिका अकलतरा एवं नगर पंचायत बलौदा में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 01/04/2023 से 10/01/2024 तक किन-किन कार्यो की निविदाएं जारी की गईं एवं स्वीकृत की गई तथा कितनों के कार्य आदेश जारी किए गए? **(ख)** निविदाओं की स्वीकृति उपरांत भी यदि कार्य आदेश जारी नहीं किए गए हैं तो कारण क्या है? **(ग)** कार्यादेश कब तक जारी कराए जाएंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), **(ख)** व **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यो की स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

38. (क्र. 312) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिसंबर, 2023 की स्थिति में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने कार्यों का लक्ष्य है? कितने का टेंडर हुआ है ? कितने के कार्यादेश हुए हैं? इनमें कितने पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ है? **(ख)** अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यो के कारण क्या क्या हैं? इन्हें कब तक पूर्ण करने की संभावना है। विलंब के लिए कौन उत्तरदायी है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दिसंबर, 2023 की स्थिति में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 180 कार्यो का लक्ष्य है। सभी 180 कार्यो का टेंडर हुआ है। 179 कार्यो के कार्यादेश हुए हैं, इनमें से 57 कार्य पूर्ण, 122 कार्य अपूर्ण एवं 01 अप्रारम्भ है। **(ख)** अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यो का कारण तथा कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। स्थानीय स्तर पर संसाधनों की कमी एवं परिस्थितिजन्य कारणों से योजना के कार्यो में विलंब हुआ है इसके लिए कोई व्यक्ति विशेष जिम्मेदार नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

वन परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा मास में प्रस्तुत लेखा में अनियमितता पर कृत कार्यवाही

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

39. (क्र. 368) श्री प्रबोध मिंज : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा माह के अंत में उनके शासकीय खाते में लेखा में दर्शित अवशेष राशि शून्य से भिन्न लाखों रूपये रहती है? तथा उसका आहरण बाद में किसी अन्य व्यक्ति के नाम से किया जाता है संबंधी अनियमितता सरगुजा वन वृत्त में होने का प्रकरण विभाग के संज्ञान में आया है ? **(ख)** यदि हाँ, तो सरगुजा वन वृत्त के माह जून, 2020 से अक्टूबर, 2023 के मध्य ऐसी अनियमितता किन-किन परिक्षेत्रों में है? इस गंभीर भ्रष्टाचार के विरूद्ध शासन क्या कार्यवाही की गई अथवा कब कार्यवाही की जावेगी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) सरगुजा वन वृत्त के विभिन्न वनमण्डलों अंतर्गत परिक्षेत्र अधिकरियों द्वारा माह में अंत में उनकेशासकीय खाते में लेखा में दर्शित अवशेष राशि शून्य से भिन्न लाखों रूपये रहती है तथा उसकाआहरण बाद में किसी अन्य व्यक्ति के नाम से किया जाता है संबंधी अनियमितता होने के प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है।**(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जगदलपुर नगर निगम में श्रमिकों को रखने प्लेसमेंट एजेंसी/ठेकेदारों से किया गया अनुबंध

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

40. (क्र. 546) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जगदलपुर नगर निगम में जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2023 के मध्य सफाई व दूसरे कार्यों के लिए प्लेसमेंट एजेंसी/ठेकेदारों के माध्यम से श्रमिकों को रखा गया था ? यदि हां तो किस-किस प्लेसमेंट एजेंसी के, कितने-कितने श्रमिकों को रखने हेतु कब-कब, अनुबंध किया गया ? वर्षवार/अनुबंधवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' अनुसार किए गए अनुबंध अनुसार श्रमिकों द्वारा कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व श्रम विभाग से लायसेंस / स्वीकृति ली गयी है ? यदि नहीं तो कितनों के नही ली गयी थी ? वर्षवार जानकारी

उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' अनुसार नियोजित श्रमिकों के पी.एफ. काटने के नियम निर्धारित हैं ? कितने श्रमिकों का प्रतिमाह पी.एफ. काटा गया है व कितने श्रमिकों का पी.एफ. नहीं काटा गया है व क्यों ? श्रम विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां।नगर निगम, जगदलपुर द्वारा प्लेसमेंट एजेंसी/ठेकेदार के माध्यम से जनवरी 2019 से निम्नानुसार अनुबंध के तहत् श्रमिकों को रखा गया था:-

क्र.	वर्ष	अनुबंध दिनांक	एजेंसी का नाम	श्रमिकों की संख्या
1	जनवरी 2019 से फरवरी 2019 तक	11.01.2018	कॉल मी सर्विस रायपुर	409
2	मार्च 2019 से मार्च 2021 तक	08.03.2019	कॉल मी सर्विस रायपुर	409
3	01 अप्रैल 2021 से मार्च 2023 तक	30.04.2021	कॉल मी सर्विस रायपुर	419
4	01 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक	01.06.2023	कॉल मी सर्विस रायपुर	420

(ख) अनुबंध अनुसार कॉल मी सर्विस, रायपुर द्वारा सभी श्रमिकों को कार्य प्रारंभ करने के पूर्व श्रम विभाग से लायसेंस प्राप्त कर नगर पालिक निगम जगदलपुर में प्रस्तुत किया गया है। **(ग)** जी हां । प्रश्नांश 'क' अनुसार नियोजित श्रमिकों की पी.एफ. श्रमिकों के वेतन से 12 प्रतिशत की राशि काटा जा रहा है एवं नियोक्ता का अंशदान 13 प्रतिशत ई.पी.एफ. खाते में जमा की जा रही है। जनवरी 2019 से मार्च 2021 तक 409, अप्रैल 2021 से मार्च 2023 तक 419 एवं अप्रैल 2023 से दिसम्बर 2023 तक 420 श्रमिकों का पी.एफ. काटा गया है। पी.एफ. नहीं काटने की जानकारी निरंक है। अनुबंध अनुसार पी.एफ. की राशि जमा होने के पश्चात् मेसर्स कॉल मी सर्विस द्वारा देयक प्रस्तुत की जाती है, जिसके सत्यापन पश्चात् भुगतान की कार्यवाही की जाती है।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं नल कनेक्शन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

41. (क्र. 561) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020-21 से 2023-24 में 31 दिसम्बर 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के कितने गांवों को स्वच्छ पेयजल के लिए नल कनेक्शन दिये गए हैं? विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** कितने गांवों में पानी टंकी का निर्माण किया गया है? **(ग)** कौन-कौन से गांवों से ग्रामीणों को नलों में पानी मिलना प्रारंभ हो गया है? **(घ)** कितने गाँव ऐसे हैं, जहां पाईपलाईन बिछने के बाद नलों में पानी नहीं मिल रहा है? ऐसे गांवों में जल की उपलब्धता क्या है? क्या जल संसाधन विभाग से पानी लेने कोई समझौता किया गया है? यदि हाँ, तो कब और समझौते की क्या शर्तें हैं? विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023 में 31 दिसम्बर 2023 तक जल जीवन मिशन अंतर्गत गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के 229 गांवों को स्वच्छ पेयजल के लिए नल कनेक्शन दिये गये है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** 109 गांवों में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। **(ग)** 95 गांवों के ग्रामीणों को नलों से पानी मिलना प्रारंभ हो गया है। ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही में जहॉ पाईप लाईन बिछने के बाद नलों में पानी नही मिल रहा है ऐसे गांवों की संख्या **निरंक** है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। जी नहीं, जल संसाधन विभाग से पानी लेने हेतु कोई समझौता नहीं किया गया है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि प्रदाय

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

42. (क्र. 687) श्री बालेश्वर साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत कितने हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है, जिलेवार जानकारी प्रदान की जावे? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार लाभांवित हितग्राहियों को अंतिम किस्त की राशि कब तक जारी की जावेगी? कृपया अवगत करावें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) योजनांतर्गत कुल 5 लाख 62 हजार 102 पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। जिलेवार **जानकारी प्रपत्र में संलग्न** है। **(ख)** समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]**

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[जल संसाधन]

1. (क्र. 11) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2021-2022 से 25 जनवरी, 2024 तक जल संसाधन विभाग द्वारा मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने स्टॉप डेम/नाली निर्माण/नहर विस्तार तथा नहर के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण एवं लाईनिंग तथा अन्य निर्माण कार्यो में कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? उक्त निर्माण में कितना कार्य पूर्ण हो चुका है और कितना अपूर्ण है ? **(ख)** कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है, कितनी शेष है, स्वीकृति नहीं देने का क्या कारण है तथा कब तक दी जावेगी ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 से 25 जनवरी 2024 तक मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में स्टॉप डेम/नाली निर्माण/नहर विस्तार तथा नहर के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण एवं लाईनिंग तथा अन्य निर्माण के कुल 11 कार्यों हेतु राशि रू. 10487.31 लाख की प्रशासकीय स्वीषकृति प्रदान की गई है। इसमें से 01 कार्य पूर्ण और 10 कार्य अपूर्ण हैं। **(ख)** बजट में शामिल कुल 30 निर्माण कार्यों में से 11 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है, 19 कार्य शेष हैं। कार्यों की स्वीकृति, तकनीकी साध्यता, प्राथमिकता एवं बजट उपलब्धता अनुसार जारी की जाती है। अतः समयसीमा बताना संभव नहीं है।

मुंगेली जिले के राजीव युवा मितान क्लबों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

2. (क्र. 14) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिले में कुल कितने राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है ? उक्त क्लब का गठन किस प्रक्रिया के द्वारा किन उद्येश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु किया गया है, एवं उनके क्या कार्य हैं ? उक्त क्लबों को विभाग द्वारा किस स्तर की गतिविधियों के संचालन हेतु बनाया गया है ? गतिविधिवार कितनी राशि प्रदान की जाती है ? **(ख)** जिला मुंगेली मे वर्ष 2019 से 25 जनवरी, 2024 तक कुल कितनी गतिविधियों/खेलों हेतु कितनी राशि का प्रावधान किया गया ? क्या उक्त क्लबों द्वारा की गई गतिविधियों का प्रत्येक वर्ष ऑडिट किया गया ? यदि हां तो उसकी जानकारी भी देवें? क्या जिला मुंगेली में उक्त क्लब के विरूद्ध कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो उन पर क्या कार्यवाही की जा रही है ? **(ग)** क्या उक्त क्लबों द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शासन द्वारा खेल कोटे से शासकीय सेवा में लिये जाने का कोई प्रावधान है ? यदि हां तो कितनों को शासकीय सेवाओं में लिया गया ? यदि नहीं तो क्यों ? क्लब की औचित्य बतायें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) मुंगेली जिले में कुल 383 राजीव युवा मितान क्लबों का गठन किया गया है। उक्त क्लबों का गठन योजना के नियमावली में विहित प्रक्रिया के द्वारा प्रदेश के युवाओं को संगठित कर खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने के उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हेतु किया गया है। राजीव युवा मितान क्लबों को विभाग द्वारा खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु बनाया गया है। गतिविधिवार राशि प्रदान करने का प्रावधान नहीं है। **(ख)** जिला मुंगेली में वर्ष 2019 से 25 जनवरी, 2024 तक खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु कुल राशि रू. 03.83 करोड़ का प्रावधान किया गया। क्लबों द्वारा की गई गतिविधियों का प्रत्येक वर्ष ऑडिट जिला कोषालय अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा करारोपण अधिकारियों से कराया गया है। जिला मुंगेली में उक्त क्लबों के विरूद्ध कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है।

(ग) जी नहीं। क्योंकि राजीव युवा मितान क्लबों द्वारा आयोजित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल कोटे से शासकीय सेवा में लिए जाने हेतु कोई नियम/निर्देश नहीं है। कंडिका-'क' अनुसार क्लब गठन का उद्देश्य ही क्लबों का औचित्य है।

प्रदेश में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन की भौतिक स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

3. (क्र. 35) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 व 2022-23 में केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में कितने-कितने घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? निर्धारित लक्ष्य में से उन वर्षो में राज्य सरकार द्वारा कितने-कितने नल कनेक्शन हेतु स्वीकृति दी गयी है एवं केन्द्र सरकार से कितने बार, कितनी-कितनी अवधि तक समयावधि में वृद्धि मांगी गयी थी? स्वीकृत नल कनेक्शन में से कितने-कितने कनेक्शन लगाने का कार्य पूर्ण/अपूर्ण/प्रगतिरत है तथा अपूर्ण होने के कारण क्या है ? वर्षवार बतायें ? 30 नवंबर, 2023 तक निधारित लक्ष्यों में से कितना प्रतिशत कार्य या पीछे/आगे चल रहा है? यदि पीछे है तो इसका कारण क्या है? **(ख)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में जिला-धमतरी एवं कुरूद विधानसभा अंतर्गत कितने आवास हैं जहां नल कनेक्शन की आवश्यकता है? इनमें से कितने घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया था और कितने घरों में दिया गया ? क्या इस योजना के तहत् शासकीय भवनों में भी नल कनेक्शन देने का प्रावधान हैं ? यदि हां तो कुरूद विधानसभा क्षेत्र के कितने शासकीय भवनों में नल कनेक्शन की आवश्यकता है एवं उनमें से कितने शासकीय भवनों में नल कनेक्शन लगाया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7,86,361 ग्रामीण परिवार, 2020-21 में 20,61,834 ग्रामीण परिवार, 2021-22 में 22,14,986 ग्रामीण परिवार व 2022-23 में 23,57,744 ग्रामीण परिवारों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य में से वित्तीय वर्ष 2019-20 में निरंक, 2020-21 में 5,88,583 ग्रामीण परिवारों के लिए 2021-22 में 27,01,133 ग्रामीण परिवारों के लिए व 2022-23 में 11,74,218 ग्रामीण परिवारों के लिए राज्य शासन द्वारा नल कनेक्शन हेतु योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। केन्द्र सरकार से समयावधि में वृद्धि मांगे जाने की जानकारी निरंक है। स्वीकृत नल कनेक्शन में से वर्ष 2019-20 में पूर्ण निरंक एवं अपूर्ण निरंक, वर्ष 2020-21 में पूर्ण निरंक एवं 5,88,583 अपूर्ण, वर्ष 2021-22 में 4,43,953 पूर्ण एवं 22,57,180 अपूर्ण एवं वर्ष 2022-23 में 10,50,575 पूर्ण एवं 1,23,643 अपूर्ण नल कनेक्शन प्रदाय का कार्य है। प्रगतिरत नल कनेक्शन की जानकारी निरंक है। जल जीवन मिशन के कार्य को वर्ष 2024 तक पूर्ण करने का केन्द्र शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, अत: अपूर्ण होने के कारण का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।30 नवंबर, 2023 तक के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है अपितु इस तिथि तक कुल लक्ष्य के विरुद्ध 69.2 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। तथापि कोविड-19 महामारी के कारण प्रगति प्रभावित हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में जिला-धमतरी में 1,54,784 एवं कुरूद विधानसभा अंतर्गत 54,877 आवासों में नल कनेक्शन की आवश्यकता रही। जिला धमतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य 1,54,784 के विरूद्ध 1,42,189 घरों में एवं विधानसभा क्षेत्र कुरूद के लिए निर्धारित लक्ष्य 54,877 के विरूद्ध 47,822 घरों में नल कनेक्शन दिया गया। जल जीवन मिशन योजना के तहत् ऐसे शासकीय भवन जहां रनिंग वॉटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनमें 01 नल कनेक्शन जल जीवन मिशन की योजना से दिये जाने का प्रावधान है। कुरूद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित 942 शासकीय भवनों में से 244 शासकीय भवनों में नल कनेक्शन की आवश्यकता रही, जिनमें से 244 शासकीय भवनों में नल कनेक्शन लगाया गया।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल संबंधी

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

4. (क्र. 36) श्री अजय चंद्राकर : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल कब से प्रारंभ हुए और इस संघ के अध्यक्ष, सदस्य, पदाधिकारी कौन-कौन हैं पदनाम सहित बतायें? वर्तमान में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल में कौन-कौन से खेलों को शामिल किया गया था ? उनमें से कितनों को राज्य ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता दी गयी है तथा प्रतिस्पर्धा किस स्तर ग्राम/ब्लॉक/जिला/राज्य का कराया गया था? भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन एवं प्रशिक्षण किनके द्वारा किया गया ? चयनकर्ता एवं प्रशिक्षक का नाम सहित बतायें? तथा एक वर्ष में कितने बार यह कार्यक्रम कराने हेतु निर्देश दिया गया था? तथा प्रारंभिक दिनांक से 30 नवंबर, 2023 तक किन-किन वर्ष में, कितनी-कितनी बार कराया गया? **(ख)** वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक उक्त योजना अंतर्गत कितनी राशि की वित्तीय व्यवस्था की गयी थी एवं उनमें से कितनी राशि का व्यय किन-किन कार्यो के लिये किया गया था? कितने खिलाड़ियों व कोच को प्रोत्साहन राशि दी गयी एवं कितने शेष है? इन खेलों को छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता हेतु क्या प्रयास विभाग या शासन द्वारा किया गया? **(ग)** क्या छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है या देने हेतु क्या निर्णय लिया जा रहा है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल दिनांक 06 अक्टूबर 2022 से प्रारंभ हुए हैं। इसके कोई अध्यक्ष, सदस्य अथवा पदाधिकारी नहीं हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल नाम से कोई खेल आयोजित नहीं हुआ है। अतः खेलों को शामिल करने, मान्यता संबंधी, प्रतिस्पर्धा स्तर, खिलाड़ियों का चयन एवं प्रशिक्षण, चयनकर्ता एवं प्रशिक्षक का नाम दिये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। एक वर्ष में यह कार्यक्रम एक बार कराना था। प्रारम्भिक दिनांक से वर्ष 2022 में एक बार तथा वर्ष 2023 में एक बार कराया गया है। **(ख)** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में 23.90 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 27.34 करोड़ की वित्तीय व्यवस्था की गई थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 20,95,61,750/-रूपये खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं 1,51,81,414/-रूपये राज्य स्तरीय आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का व्यय जैसे खेल मैदान निर्माण, खेल सामग्री, भोजन, आवास, परिवहन आदि कार्यों के लिए तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में रूपये 24,33,60,000/- राशि खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं 1,09,36,413/- रूपये राज्य स्तरीय आयोजन में विभिन्न व्यवस्थाओं का व्यय जैसे खेल मैदान निर्माण, खेल सामग्री, भोजन, आवास, परिवहन आदि कार्यों के लिए किया गया था। आयोजन में प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है। शासन द्वारा भारत सरकार, युवा मामले एवं खेल विभाग मंत्रालय को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खेलों को राष्ट्रीय खेल की श्रेणी में सम्मिलित कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। **(ग)** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान नहीं है।

विकासखंड सारंगढ़ व बरमकेला अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

5. (क्र. 40) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वि.खं. सारंगढ़ एवं वि.खं. बरमकेला के अंतर्गत अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2023 तक विभाग में किस-किस मद के अंतर्गत किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत हुई हैं ? जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : विकासखंड सारंगढ़ एवं विकासखंड बरमकेला के अंतर्गत अप्रैल, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक विभाग में मदवार किए गए कार्यों की स्वीकृत राशि का **विवरण संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है ।**

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

बालोद जिला में मिसल बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त आवेदनों पर कृत कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

6. (क्र. 48) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिला अंतर्गत मिसल बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु कितने आवेदन वर्ष 2022 से 10 जनवरी, 2024 तक प्राप्त हुए हैं ? **(ख)** वर्तमान में मिसल बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त आवेदन के विरूद्ध कितने प्रकरणों पर कार्यवाही/निराकरण की गई है तथा कितने प्रकरणों पर कार्यवाही लंबित है? यदि लंबित है तो क्यों ? जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) बालोद जिला अंतर्गत मिसल त्रुटि सुधार के आवेदन **निरंक** है एवं बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु वर्ष 2022 से 10 जनवरी 2024 तक कुल 339 आवेदन प्राप्त हुए हैं। **(ख)** वर्तमान मे बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त आवेदन के विरूद्ध 208 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। तथा 131 प्रकरणों पर कार्यवाही लंबित है। प्रकरण दस्तावेज एवं जांच हेतु लंबित हैं, लंबित प्रकरणों पर समय सीमा में विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना के स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

7. (क्र. 49) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना के कार्य की कब एवं कितनी राशि की स्वीकृत हुई है? जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृति अनुसार प्रश्न दिनांक तक कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं कितनी राशि व्यय हो चुकी है, अद्यतन जानकारी देवें? **(ग)** अगर कार्य अपूर्ण हैं तो क्यों, कारण बतावें तथा कब तक पूर्ण कर घर-घर नल जल प्रदाय कार्य प्रारंभ किया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना वर्ष 2016 मे राशि रू. 3165.66 लाख की स्वीकृत हुई है। **(ख)** स्वीकृति अनुसार प्रश्नांश दिनांक तक योजनांतर्गत 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अद्यतन में राशि रू. 2563.95 लाख व्यय हो चुकी है। **(ग)** जी हॉ। योजना हेतु प्रस्तावित स्त्रोत के स्थल परिवर्तन होने के कारण निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

वि.ख. सारंगढ़ एवं वि.ख. बरमकेला में जल जीवन मिशन अंतर्गत पंचायतों में संचालित कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

8. (क्र. 79) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-वि.खं. सारंगढ़ एवं वि.खं. बरमकेला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किन-किन पंचायतों में कार्य चल रहा है ? कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है ? कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगे? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : विकासखंड सारंगढ़ एवं विकासखंड बरमकेला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंचायतों में चल रहे कार्य, कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। वर्ष 2024 तक कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

जिला रायगढ़ की सेवा सहकारी समितियों तथा अपेक्स बैंक में ऋण संबंधी अनियमितता की जांच

[सहकारिता]

9. (क्र. 87) श्री उमेश पटेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022—23 एवं 2023—24 में रायगढ़ जिला अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों तथा अपेक्स बैंकों में ''इन बैलेंस'' होने की शिकायत पाई गई है ? यदि हां, तो किस समिति में कितने का ''इन बैलेंस'' दिखाया गया है ? **(ख)** समितियों को जारी लोन राशि एवं समितियों द्वारा किसानों को जारी लोन राशि में अंतर कितने का आया है और कहां-कहां आया है? उक्त अतियमितता की जांच कराकर कब तक उचित कार्यवाही करेंगे ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में रायगढ़ जिला अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों तथा अपेक्स बैंकों में ''इम बैलेंस'' (ऋण असंतुलन) होने की कोई भी शिकायत नहीं आई है। उक्त वर्षों में बैंक एवं समिति के मध्य विद्यमान ऋण असंतुलन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। (ख) रायगढ़ जिला अंतर्गत समितियों को उक्त वर्षों में अपेक्स बैंक द्वारा जारी लोन एवं समितियों द्वारा किसानों को जारी लोन राशि में किसी भी प्रकार का अंतर नहीं आया है, समितियों को जारी लोन एवं समितियों द्वारा किसानों को जारी लोन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। ऋण असंतुलन के कारणों की समीक्षा हेतु पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा कमेटी का गठन किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

रायगढ़ जिले में हाथियों से हुई क्षति का मुआवजा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

10. (क्र. 88) श्री उमेश पटेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत कौन-कौन से विकासखण्ड हाथी प्रभावित क्षेत्र घोषित किये गये हैं और किस-किस क्षेत्र में जनवरी, 2023 से प्रश्नांकित दिनांक तक कितने-कितने हाथियों का दल ने विचरण किया है ? **(ख)** हाथियों द्वारा किस-किस प्रकार का, कितना नुकसान किया गया है और कितना मुआवजा किस-किस को दिया गया है? यदि नहीं, दिया गया है तो कब तक दिया जायेगा ? **(ग)** विधानसभा के विकासखण्ड खरसिया में कितने हाथियों के दल ने कब विचरण किया है और कितने गांवों में घुस कर नुकसान किया है ? गांव में हाथी ना घुसे, इसके लिए क्या-क्या उपाय किये गये हैं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) रायगढ़ जिले के अंतर्गत विकासखण्ड रायगढ़, खरसिया तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं लैलुंगा हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। इन विकासखण्डों में जनवरी, 2023 से प्रश्न दिनांक तक लगभग 08 से 10 हाथियों के दल विचरण कर रहें है, जिनमें हाथियों की संख्या लगभग 63-68 है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में जनहानि के 03 प्रकरण, जनघायल का 01 प्रकरण (स्थायी रूप से अपंग), फसल क्षति के 1746 प्रकरण, मकान क्षति के 43 प्रकरण एवं अन्य क्षति के 80 प्रकरण दर्ज किए गए है। रायगढ़ जिले के अंतर्गत हाथियों द्वारा की गयी नुकसानी, मुआवजा भुगतान का विवरण तथा लंबित प्रकरणों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र-अ'' एवं ''प्रपत्र-ब'' अनुसार है।** जनहानि के 02 प्रकरणों में तत्कालिक सहायता राशि 25,000 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से आश्रित परिवार को भुगतान किया गया है। शेष राशि रूपये 5,75,000 प्रति व्यक्ति की दर से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होते ही मुआवजा भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। **(ग)** रायगढ़ जिला के विकासखण्ड खरसिया में प्रश्न अवधि में हाथियों के 01 से 02 दल ने विचरण किया। हाथी दल द्वारा दिनांक 31.01.2023 से 04.02.2023, 10.03.2023 से 22.03.2023, 24.10.2023, 26.10.2023 से 30.10.2023, 17.11.2023 से 21.11.2023, 30.11.2023 से 02.12.2023, 08.12.2023, 10.12.2023, 12.12.2023 से 18.12.2023, 20.12.2023 से 13.01.2024 तक हाथियों के दल द्वारा विचरण के दौरान ग्राम बोतल्दा, पण्डरमुड़ा, गुर्दा, बरभौना, नवरंगपुर भालूनाला, देहजरी, पामगढ़ छोटे डुमरपाली, झिटीपाली, जबलपुर, जोबी, बनझर, कुर्रू, काफरमार, कुकरीचोली, तेन्दुमुड़ी, मदनपुर, चोढ़ा, छोटेपण्डरमुड़ा, फरकानारा, नंदगांव, एवं छोटेजामपाली में फसल एवं मकानों की क्षति की गई है। गांव में

हाथी न घुसे इसके लिए विभाग द्वारा किये गये उपाय की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

लोक निर्माण अंतर्गत कार्यक्रमों के लिए भुगतान

[लोक निर्माण]

11. (क्र. 102) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2022 से नवम्बर, 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी से संबंधित कार्यक्रमों के लिये टेन्ट पण्डाल, आवास व भोजन से संबंधित कब, किसको, कितना भुगतान किया गया है व कितना किया जाना शेष है? जिलेवार, फर्मवार, कार्यक्रमवार व राशिवार जानकारी देवें ? **(ख)** उक्तानुसार फर्मो का चयन किस आधार पर किया गया है तथा जिन फर्मो को कार्य दिया गया है, क्या कार्य आदेश के दिवस फर्मो के दर अनुबंधित व जीवित थे ? यदि नहीं तो किन-किन फर्मों के नहीं थे व उन्हें किस आधार पर कितना कार्य किस हेतु दिया गया ? उक्तानुसार कार्यक्रमों के संबंध में फर्म व भुगतान हेतु क्या-क्या शिकायतें हुई एवं क्या कार्यवाही हुई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-'अ'** एवं **'ब'** अनुसार है।

प्रदेश में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट का भुगतान संबंधी शिकायतों की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

12. (क्र. 103) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में कितने मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं ? इनमें कितने व किस संवर्ग के अधिकारी व कर्मचारी रखे जाने के नियम हैं व उन्हें कितना वेतन/मानदेय दिया जाता है? प्रश्न दिनांक की स्थिति में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं ? संवर्गवार जानकारी देवें तथा फर्म के साथ किये गए अनुबंध की जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** कंड़िका 'क' अनुसार मोबाईल मेडिकल यूनिटों के लिए अप्रैल, 2021 से दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक कुल कितनी राशि का भुगतान किस-किस मद से, किस-किस फर्म को किया गया है तथा फर्म के चयन का आधार क्या था? **(ग)** कंडिका 'ख' अवधि में किस-किस के द्वारा, क्या-क्या शिकायत, कब-कब की गई है व उन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क)प्रदेश में अद्यतन 150 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं। प्रत्येक मोबाईल मेडिकल यूनिट में 01 एमबीबीएस डॉक्टर, 01 फार्मासिस्ट, 01 लैब टेक्निशियन, 01 एएनएम तथा 01 वाहन चालक रखे जाने का प्रावधान है। मोबाईल मेडिकल यूनिटों में कार्यरत स्टॉफ को अनुबंधित सेवा प्रदाता द्वारा वेतन/मानदेय का भुगतान किया जाता है, जिसकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है।** प्रश्न दिनांक की स्थिति में 150 मोबाईल मेडिकल यूनिट में 150 एमबीबीएस डॉक्टर, 150 फार्मासिस्ट, 150 लैब टेक्निशियन, 150 एएनएम तथा 150 वाहन चालक कुल 750 अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं। अनुबंधित फर्मों से किये गये अनुबंध की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है। (ख)** मोबाईल मेडिकल यूनिटों के लिए अप्रैल, 2021 से 10 जनवरी, 2024 तक एमएमयू संचालन अंतर्गत सेवा प्रदाता के भुगतान हेतु राशि रू.119.80 करोड़, दवा क्रय हेतु राशि रू.41.71 करोड़ एवं प्रचार-प्रसार हेतु राशि रू.1.06 करोड़ का भुगतान अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटियों द्वारा किया गया है। भुगतान मद एवं राशि की फर्मवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स' अनुसार है।** फर्मों का चयन जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटियों द्वारा निविदा के माध्यम से किया गया है।**(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में योजनांतर्गत किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

नगर निगम रायपुर एवं बीरगांव में स्वीकृत नल-जल मिशन के कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

13. (क्र. 111) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर निगम रायपुर व बीरगांव क्षेत्र में नल-जल मिशन योजना अंतर्गत कुल स्वीकृत कार्य एवं किये गये कार्य का प्रतिशत क्या हैं ? **(ख)** यदि प्रतिशत कम है तो क्या कारण हैं ? **(ग)** नल-जल मिशन योजना कब तक पूर्ण की जायेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर निगम रायपुर व बीरगांव क्षेत्र में नल-जल मिशन योजना लागू नहीं है अपितु नगर निगम रायपुर में अमृत मिशन योजना के तहत तथा नगर निगम बीरगांव में राज्य बजट से स्वीकृत जल आवर्धन योजना के तहत् पेयजल योजना के कार्य किये जा रहें है। नगर निगम रायपुर में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत दो चरणों में जल आपूर्ति के कार्य स्वीकृत हुए है। प्रथम चरण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारंभ की जा चुकी है। द्वितीय चरण का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम बीरगांव में प्रचलित जल आवर्धन योजना का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।**(ख)** नगर निगम रायपुर के अमृत मिशन योजना के द्वितीय चरण में 03 प्रतिशत कार्य शेष हैं जो कि कोविड-19 महामारी, विभिन्न विभागों यथा एनएचआई, पीडब्ल्यूडी एवं एनएच-पीडब्ल्यूडी से अनुमति प्राप्त होने में विलंब के कारण शेष है। नगर निगम बीरगांव में डी.आई. पाईप की आपूर्ति समय में नहीं होने के कारण जल आवर्धन योजना की प्रगति प्रभावित हुई है।**(ग)**नगर निगम रायपुर द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत किये जा रहे कार्य तथा नगर निगम बीरगांव में जल आवर्धन योजना के तहत किये जा रहे कार्यों को मार्च 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

महासमुंद जिले में सड़क निर्माण एवं संधारण में व्यय राशि

[लोक निर्माण]

14. (क्र. 112) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पिछले 03 वर्षो में विभाग द्वारा जिला महासमुंद में कुल कितने किलोमीटर नयी सड़कों का निर्माण किया गया? कितनी किलोमीटर सडकों का संधारण किया गया? इनमें कुल कितनी राशि खर्च हुई? **(ख)** बसना विधानसभा श्रेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-20 से अक्टूबर, 2023 तक कितने सड़क एवं पुलिया कार्य को बजट में शामिल किया गया था एवं बजट में कितने कार्य सम्मिलित नहीं हुए ? उन्हें कब तक स्वीकृति दी जावेगी ? **(ग)** प्रश्न **(ख)** अनुसार कितने कार्यो की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 98.47 कि.मी., नई सड़कों का निर्माण किया गया। 1916.00 कि.मी. सड़कों का संधारण किया गया है, जिसकी राशि रु. 2841.23 लाख खर्च हुई है। **(ख)** 27 कार्य बजट में शामिल, बजट में सम्मिलित नहीं हुये कार्य की जानकारी निरंक है। प्रशासकीय स्वीकृति की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** 16 कार्य हेतु रु. 6416.45 लाख स्वीकृत है, जिसमें 12 कार्य पूर्ण एवं 4 कार्य प्रगति पर है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

विधानसभा क्षेत्र बसना में मिनी स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव पर कृत कार्यवाही

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

15. (क्र. 114) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2020 से अक्टूबर, 2023 तक प्रदेश में कितने मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया? **(ख)** क्या बसना विधानसभा क्षेत्र में भी मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव दिया गया था ? यदि हाँ, तो प्रस्ताव पर आज पर्यन्त क्या कार्यावाही की गयी?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि तक प्रदेश में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मिनी स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्रों में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[सहकारिता]

16. (क्र. 122) श्री इंद्र साव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस-किस खरीदी केन्द्र में, कितनी-कितनी मात्रा में धान खरीदी हुई है? किस-किस धान खरीदी केन्द्र से किसानों का धान नहीं लेने, ज्यादा-कम तौल या अन्य शिकायत प्राप्त हुई है? विभाग द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की गयी है? **(ख)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कितने धान खरीदी केन्द्रों का स्वयं का भवन है? कितने किराये में या अन्य शासकीय भवनों में संचालित किये जा रहे हैं? कितने भवनों का निर्माण कार्य जारी है या स्वीकृत हो चुके हैं?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में दिनांक 23.01.2024 की स्थिति में धान खरीदी की समितिवार, केन्द्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है** । प्रश्नांश में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों से किसानों का धान नहीं लेने, ज्यादा-कम तौल की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है । दिनांक 23.01.2024 की स्थिति में 02 अन्य शिकायत संज्ञान में आई है, जिस पर कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है**। **(ख)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 39 धान खरीदी केन्द्रों में से 16 खरीदी केन्द्र स्वयं के भवन में, 07 शासकीय भवन में, 16 अस्थायी/वैकल्पिक व्यवस्था में संचालित किये जा रहे है । 10 उपार्जन केन्द्रों में भवन निर्माण कार्य जारी है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

चिल्हाटी से पाटनखास मार्ग निर्माण की गुणवत्ता

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 152) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में चिल्हाटी से पाटनखास मार्ग का निर्माण कब किया गया ? निर्माण एजेंसी कौन थी ? निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मापदण्ड क्या था ? **(ख)** क्या उक्त निर्माण कार्य तिथि के बाद 05 वर्ष के संधारण की तिथि निर्धारित है? क्या 03 वर्ष पश्चात् ही सड़क की हालत जर्जर हो गयी है ? यदि हां तो ठेकेदार एवं प्रभारी अधिकारी के ऊपर क्या कार्यवाही की गई ? नही तो क्यों ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं (ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

मोहला-मानपुर-विधानसभा क्षेत्र में अमृत मिशन योजना के कार्यों की पूर्णता

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

18. (क्र. 154) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत कितने गांवों में कार्य प्रारंभ किया गया है ? जिस गांव मे कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वहां कब तक कार्य प्रारंभ कर पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ख)** वर्तमान स्थिति में कार्य पूर्ण ग्रामों एवं अपूर्ण कार्य ग्रामों की संख्या ग्रामवार बताने का कष्ट करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं है। अतएव प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।**(ख)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

रायपुर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर कृत कार्यवाही

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

19. (क्र. 164) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिला अंतर्गत जल जीवन मिशन में वित्तीय वर्ष जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2023 तक कौन-कौन से कार्य स्वीकृत, पूर्ण-अपूर्ण, अप्रारंभ हैं? इनमें कौन से कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं हुए हैं व क्यों? मिशन अंतर्गत उक्त अवधि में कितनी केन्द्रांश व राज्यांश की राशि उपलब्ध करायी गयी? कितना व्यय शेष है ? वर्षवार जानकारी देवें? मिशन के अंतर्गत कितनी राशि का भुगतान डीडब्ल्यूएसएम से लेने के उपरांत किया गया है व कितनी राशि का अनुमोदन भुगतान पश्चात् अभी तक नहीं लिया गया है? **(ख)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितनी शिकायतें की गई और उन पर क्या कार्यवाही की गई? क्या कोई जांच दल गठन किया गया है ? यदि हॉं तो किन अधिकारियों को जांच दल में शामिल किया गया है? इनके द्वारा निष्कर्ष कब दिया गया है एवं क्या अनियमितता- कमियां पाई गई? उपरोक्त अवधि में किन-किन फर्मों को, किन कारणों से ब्लेक लिस्ट प्रतिबंधित किया गया है ? फर्मवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रायपुर जिला अंतर्गत जल जीवन मिशन में वित्तीय वर्ष जनवरी 2019 से दिसम्बर 2023 तक स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यो की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त कार्यों में से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नहीं हुए कार्यो की जानकारी एवं उनके कारण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। मिशन अंतर्गत उक्त अवधि में केंद्रांश एवं राज्यांश द्वारा उपलब्ध राशि एवं व्यय शेष की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। मिशन अंतर्गत डी.डब्ल्यू.एस.एम. रायपुर से अनुमोदन पश्चात भुगतान की गयी कुल राशि रूपये 39947.24 लाख है। मिशन अंतर्गत भुगतान पश्चात डी.डब्ल्यू.एस.एम. से अनुमोदन लिए जाने हेतु कोई राशि शेष नहीं है। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत रायपुर जिले में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः कार्यवाही का प्रश्न नहीं उपस्थित होता है । जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

जगदलपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

20. (क्र. 169) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2020 से दिसम्बर, 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यो हेतु स्वीकृत की गई है ? कार्यवार व वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं कितने अप्रारम्भ हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? **(ग)** क्या स्वीकृत कार्यो में अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हुई है या विभाग के संज्ञान में आयी है? यदि हॉं, तो दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** स्वीकृत कार्यों में अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है न ही विभाग के संज्ञान में आयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

प्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण की भुगतानित राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

21. (क्र. 170) श्री किरण देव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में तेन्दुपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा कितनी राशि दी जाती है ? जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2023 तक कुल कितने मानक बोरों का संग्रहण किस-किस दर पर किया गया है ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार तेन्दूपत्ता

संग्राहकों को कितनी राशि का भुगतान किया गया है व कितनी राशि का भुगतान किया जाना, किन कारणों से शेष है ? तेन्दूपत्ता विक्रय से शासन को कितना लाभ हुआ है ? वर्षवार/जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अवधि में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कितनी राशि बोनस के रूप में दी गई है तथा कितनी राशि दी जानी शेष है? यह कब तक दी जावेगी ? वित्तीय वर्ष व जिलेवार जानकारी देवें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ में दर्शित है। **(ख)** तेन्दूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक का पूरा-पूरा भुगतान कर दिया गया है, भुगतान शेष नहीं है। शासन द्वारा तेन्दूपत्ता व्यापार से कोई लाभ नहीं लिया जाता है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान की जानकारी जिला यूनियनवार, संधारित की जाती है। वर्षवार, जिला यूनियनवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब में दर्शित है।(ग)** प्रश्नांश 'ग' में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सीजन 2019 से 2022 तक वितरित प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि वर्षवार एवं जिला यूनियनवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स में दर्शित है।** सीजन 2023 के तेन्दूपत्ता व्यापार की सम्पूर्ण राशि प्राप्त होने के पश्चात् प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण किया जावेगा। कुछ संग्राहकों के बैंक खाते न होने अथवा त्रुटिपूर्ण होने के कारण भुगतान लंबित है। खाता खुलवाने एवं सुधरवाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। खाते की जानकारी प्राप्त होते ही भुगतान कर दिया जावेगा। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नही है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

जिला- बस्तर में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

22. (क्र. 172) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला- बस्तर में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत कितने-कितने कार्य स्वीकृत किये गये ? वर्षवार स्वीकृत राशि के साथ जानकारी देंवे ? **(ख)** क्या इन स्वीकृत कार्यों हेतु सरकार द्वारा राशि का आबंटन किया गया है अथवा लंबित स्थिति में रखा गया है ? **(ग)** यदि लंबित है तो राशि का आबंटन करने हेतु क्या विभाग विचार कर रहा है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला-बस्तर में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत-स्वीकृति का वर्ष 2020-21, स्वीकृत कार्यों की संख्या 88, स्वीकृत राशि रू. 663.72 लाख। स्वीकृति का वर्ष 2021-22, स्वीकृत कार्यों की संख्या 193, स्वीकृत राशि रू. 1104.06 लाख कुल योग 281 कार्य, कुल राशि 1767.78 लाख। **(ख)** जी हाँ, आबंटन किया गया। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।

जिला-बस्तर अंर्तगत फ्लोराईडयुक्त/आधिक्य आयरनयुक्त क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

23. (क्र. 174) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बस्तर अंतर्गत विकासखण्डों के कितने ग्रामों में फ्लोराईडयुक्त/आधिक्य आयरनयुक्त जल होने के ग्राम हैं तथा इन प्रभावित ग्रामों की जनसंख्या कितनी है? विकासखण्डवार जानकारी देंवे? **(ख)** प्रभावित ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था हेतु विभाग के द्वारा की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था अथवा प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी देवें। **(ग)** फ्लोराईडयुक्त/आधिक्य आयरनयुक्त पानी का सेवन करने से प्रभावित लोगों की विकासखण्डवार संख्या बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला-बस्तर अंतर्गत विकासखण्डों के ग्रामों में फ्लोराईडयुक्त/आधिक्य आयरनयुक्त जल होने के ग्राम तथा इन प्रभावित ग्रामों की जनसंख्या की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रभावित ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था हेतु विभाग द्वारा की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था अथवा प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** फ्लोराईडयुक्त पानी का सेवन करने से प्रभावित लोगों की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। आधिक्य आयरनयुक्त पानी के सेवन से प्रभावित लोगों की संख्या **निरंक** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

24. (क्र. 182) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनवरी 2020 से सितम्बर, 2023 तक स्वीकृत निर्माण कार्यो की जानकारी स्वीकृत राशि सहित कार्यवार/वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार स्वीकृत कार्यो की दिसम्बर, 2023 की स्थिति में भौतिक एवं वित्तीय जानकारी पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यो सहित वर्षवार बतावें? **(ग)** किए गए निर्माण कार्यो में आर्थिक एवं तकनीकी अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है? प्राप्त शिकायतों के संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ? वर्षवार जानकारी बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

25. (क्र. 198) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2020 से दिसंबर, 2023 तक नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कितने कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये हैं एवं कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारम्भ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आयीं और उन पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), (ख) व **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

जिला कबीरधाम अंतर्गत पौधारोपण कार्य

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

26. (क्र. 199) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला कबीरधाम अंतर्गत वन विभाग द्वारा जनवरी ,2020 से दिसंबर, 2023 तक विभिन्न मद अंतर्गत कितने-कितने पौधों का कितने-कितने हेक्टेयर भूमि में रोपण किया गया ? कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? वर्षवार/परिक्षेत्रवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कुल रोपित पौधों में से वर्तमान में जीवित एवं मृत पौधों की जानकारी उपलब्ध करावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं (ख)जानकारी संलग्न प्रपत्र में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

नगर पंचायत अर्जुन्दा एवं गुण्डरदेही में स्वीकृत व प्रस्तावित निर्माण कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

27. (क्र. 201) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021 से 31-12-2023 तक नगर पंचायत अर्जुन्दा एवं नगर पंचायत गुण्डरदेही में

कितने निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं? राशि सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के संदर्भ में से कितने कार्य पूर्ण व अपूर्ण हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]**

बालोद जिले के राजस्व ग्राम

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

28. (क्र. 206) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिले में ऐसे कितने ग्राम हैं, जिन्हें वर्तमान में राजस्व ग्राम घोषित नहीं किया गया है? विकासखंडवार बतावें? **(ख)** क्या इन ग्रामों के ग्रामीणों को शासन की योजना का लाभ मिल रहा है? यदि नहीं, तो इन ग्रामों को राजस्व ग्राम में कब तक सम्मिलित कर दिया जावेगा? क्या इसके लिये शासन के द्वारा कोई दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जिला बालोद के विकासखण्ड बालोद अंतर्गत एक ग्राम औराभाठा को राजस्व ग्राम घोषित नहीं किया गया है। जिले के शेष विकासखण्ड में सभी ग्राम राजस्व ग्राम है। **(ख)** ग्राम औराभाठा के ग्रामीणों को शासन की योजना का लाभ मिल रहा है।

संजारी-बालोद वि स क्षेत्र में राजस्व निरीक्षकों/पटवारियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

29. (क्र. 218) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- 01 जनवरी, 2022 से 11 जनवरी, 2024 तक संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों के विरूद्ध विभाग को शिकायतें प्राप्त हुई एवं प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा किन-किन के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : 01 जनवरी, 2022 से 11 जनवरी, 2024 तक संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसील बालोद के राजस्व निरीक्षक श्री रमेश शर्मा एवं पटवारी श्री अजय देवांगन के विरूद्ध विभाग को शिकायत प्राप्त हुए थे एवं प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध दर्ज शिकायत निराधार पाया गया। पटवारी श्री अजय देवांगन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये उन्हें पदस्थ पटवारी हल्का से हटाया जाकर अन्य पटवारी हल्का में पदस्थ किया गया है। तहसील गुरूर में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के विरूद्ध शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 219) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 12 जनवरी, 2024 की स्थिति में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कितने जिला मार्ग, ग्रामीण मार्ग एवं अन्य सड़कें हैं? सड़कों के नाम व लम्बाई सहित जानकारी देवें? **(ख)** उक्त में से वर्तमान में किन-किन सड़कों के संधारण/मरम्मत, पुनर्निर्माण किये जाने की आवश्यकता है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सम्मिलित करने हेतु किन-किन सड़कों का प्रस्ताव विभाग को प्रेषित किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।**[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]**

जांजगीर चांपा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

31. (क्र. 224) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से 10 जनवरी ,2024 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य ,कितनी-कितनी राशि के, कहां-कहां स्वीकृत किये गये? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण-अपूर्ण एवं प्रारंभ हैं?अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? वर्षवार, जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में अनियमितता,भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आयी ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** स्वीकृत कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार की कोई भी शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है एवं विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

अकलतरा वि.खं. में सीमेंट कॉर्पोरेशन आफ इण्डिया की जमीन को बेचने की शिकायत पर कार्यवाही

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

32. (क्र. 231) श्री सुशांत शुक्ला : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा विकासखण्ड के ग्राम तरौद में बंद पड़ी CCI सीमेंट फैक्ट्री की भूमि को अवैध तरीके से बेचने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हॉ, तो शिकायतें कब -कब प्राप्त हुई, प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही हुई? यदि कार्यवाही नहीं की गई तो कारण बतावें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जी हां। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम तरौदा में बंद पड़ी सी.सी.आई सीमेंट फैक्ट्री की भूमि को अवैध तरीके से बेचेने की शिकायत दिनांक 27 फरवरी, 2023 प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत के संबंध में जिला स्तरीय जांच दल गठित कर बिक्री भूमि के नामांतरण एवं रजिस्ट्री पर रोक लगाये जाने हेतु तहसीलदार एवं जिला पंजीयक को निर्देश किया गया है। भूमि का मौके पर स्थिति एवं राजस्व अभिलेख की अद्यतन स्थिति के संबंध में संयुक्त जांच करने हेतु जिला स्तरीय जांच दल गठित किया गया है।

नगर पालिका निगम बिलासपुर में पदस्थ अभियंताओं के विरूद्ध शिकायतों पर कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

33. (क्र. 232) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 10 जनवरी 2024 की स्थिति में नगर पालिका निगम बिलासपुर में कितने अभियंता पदस्थ हैं? श्रेणीवार अभियंताओं के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के नियुक्त अभियंता वर्तमान में किस-किस विभाग के प्रभार में कब-कब से पदस्थ हैं? **(ग)** प्रश्नांक 'क' एवं 'ख' के अभियंताओं में से कितने के विरूद्ध अनियमितता / भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आई? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 10 जनवरी 2024 की स्थिति में नगर पालिक निगम बिलासपुर में 43 अभियंता पदस्थ हैं, श्रेणीवार अभियंताओं के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

जिला धमतरी में सड़कों के वार्षिक संधारण व मरम्मत मद हेतु आबंटित राशि

[लोक निर्माण]

34. (क्र. 246) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 में सड़कों के वार्षिक संधारण व मरम्मत हेतु कितनी राशि धमतरी जिले को आबंटित की गई ? **(ख)** इस राशि से किन-किन सड़कों की मरम्मत या संधारण कार्य किया गया? **(ग)** क्या इस राशि के दुरूपयोग के संबध में कोई शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2022-23 में सड़कों के वार्षिक संधारण व मरम्मत हेतु राशि रु. 1012.02 लाख धमतरी जिले को आबंटित की गई। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** इस राशि के दुरुपयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

धमतरी जिला अंतर्गत बाढ़ आपदा प्रबंधन योजना में व्यय राशि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

35. (क्र. 247) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- धमतरी जिले में बाढ़ आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22, 2022-23 में कितनी राशि, कौन-कौन से कार्य के लिए, किस-किस स्थान पर खर्च हुई है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि में धमतरी जिले को बाढ़ आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत कार्य कराने हेतु कोई राशि आबंटित नहीं की गई है। अतः खर्च बताने का प्रश्न ही नहीं है।

प्रदेश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी प्रदान किया जाना

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

36. (क्र. 257) श्री अनुज शर्मा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में खेल के क्षेत्र में किस किस स्तर के कौन-कौन से पुरस्कार वितरित किये जाते हैं? **(ख)** जनवरी, 2019 से 1 जनवरी, 2024 तक प्रदेश स्तर के ऐसे कौन कौन से पुरस्कार हैं जो खेल और खिलाड़ियों को प्रदान किये गये हैं तथा किस किस वर्ष में प्रदान किये गये हैं? किन-किन खिलाडियो को प्रदान किये गये हैं? **(ग)** विगत 5 वर्षो में कितने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी प्रदान की गयी है? उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी प्रदान करने या नौकरी में प्राथमिकता देने हेतु क्या प्रावधान हैं तथा यह किस वर्ष से प्रारंभ किये गये जानकारी प्रदान करें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रदेश में खेल के क्षेत्र में राज्य स्तर के शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, गुण्डाधुर पुरस्कार, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री ट्रॉफी वितरित किये जाते हैं। **(ख) जानकारी संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** विगत 5 वर्षों में 05 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी प्रदान की गई है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी प्रदान करने छत्तीसगढ़ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने के नियम, 2010 है तथा यह वर्ष 2010 से प्रारम्भ हुआ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में बजट प्रावधान तथा व्यय राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

37. (क्र. 258) श्री अनुज शर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में कुल बजट प्रावधान कितना था तथा उक्त बजट प्रावधान में वर्ष के अंत तक कितनी कितनी राशि खर्च की गयी थी? वर्षवार बजट प्रावधान तथा खर्च की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** उक्त वर्षो में प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु कितने आवासों हेतु कितनी कितनी राशि प्रावधानित की गयी थी? कितनी राशि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्राप्त हुई थी तथा कितना व्यय हुआ? वर्षवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2019-20 से 2022-23 में वर्षवार प्रावधानित बजट एवं व्यय की जानकारी निम्नांकित है:-

(राशि रू. लाख में)

क्र.	वर्ष	बजट प्रावधान	व्यय (31 मार्च की स्थिति में)
1	2019-20	412081.43	286041.99
2	2020-21	411632.72	339058.71
3	2021-22	411024.46	352123.36
4	2022-23	490927.854	426395.32

(ख) वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से संबंधित वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

जिला खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई अंतर्गत शासकीय भवनों के रख रखाव हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

38. (क्र. 261) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई अंतर्गत शासकीय भवनों के रख रखाव, मरम्मत, रंग रोगन हेतु वर्ष 2021 से दिसम्बर, 2023 कितनी राशि स्वीकृत की गयी? मद वार जानकारी देवें? सभी कार्यों के प्राक्कलन की जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार वर्षवार कितनी राशि शासकीय भवनों के रख-रखाव, रंगरोगन और मरम्मत हेतु व्यय की गई? विभागवार, भवनवार खर्च राशि की जानकारी देवें? सभी कार्यो की कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता प्रमाण पत्र की जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ग)** क्या भवनों के मरम्मत व रंगाई कार्य हेतु निविदा आमंन्त्रित की गयी थी? यदि नहीं, तो शासन के किन नियमों के अनुसार कार्य कराए गए, जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर क्या कार्यवाही की जाएगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग) जानकारी पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र** अनुसार है।

खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मरम्मत व रख रखाव योग्य सड़कों की जानकारी

[लोक निर्माण]

39. (क्र. 262) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत दिसम्बर, 2023 की स्थिति में कितनी सड़कों में मरम्मत की आवश्यकता है? जर्जर व खस्ता हाल सड़कों की मरम्मत/पेंच वर्क कार्य हेतु वर्ष 2022-23 व 2023-24 में दिसम्बर, 2023 तक कितनी राशि का प्रस्ताव विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्य/ प्रमुख अभियंता या शासन को भेजा गया है? उपरोक्तानुसार राशि कब तक भेजी जावेगी? यदि राशि स्वीकृत की गयी है तो कौन-कौन से मार्गों में मरम्मत का कार्य किया गया है ? यदि नहीं तो कब तक किया जाएगा? मरम्मत कार्य नहीं हो पाने का कारण क्या था? **(ख)** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ऐसी कौन-कौन सी

सड़कें है जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है? एवं जिनकी अवधि पांच साल पूर्ण होने के पूर्व से ही सड़कों के संधारण ,मरम्मत,कार्य हेतु संबधित ठेकेदारों को विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है? तिथि सहित विकासखंडवार सड़कों की जानकारी देवें? **(ग)** उक्त सड़कों की मरम्मत/पैच वर्क कार्यो का पूर्णता प्रमाण पत्र, मरम्मत /पेंचवर्क कार्यो की व्यय राशि की जानकारी सड़क वार देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) सड़क कार्य-06, प्रस्तावित प्रेषित प्रस्ताव निरंक है। 47 कार्य हेतु लंबाई 190.18 कि.मी. में सड़कों का मरम्मत/पैचवर्क कार्य कराया गया। स्वीकृत राशि रु. 922.17 लाख। 41 पूर्ण। 06 अपूर्ण। व्यय राशि रु. 547.85 लाख शेष। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** सड़क कार्य 13 पूर्ण। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

लैलूंगा नगर पंचायत में शिव मंदिर के पास निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

40. (क्र. 266) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लैलूंगा नगर पंचायत में शिव मंदिर के पास खारून नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य कब स्वीकृत किया गया था तथा उसकी लागत कितनी थी? **(ख)** उक्त पुल का निर्माण कार्य कब प्रारंभ किया गया तथा पूर्णता की अवधि की जानकारी देवें? **(ग)** वर्तमान में उक्त निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य की वर्तमान में क्या स्थिति है? एवं इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) स्वीकृति दिनांक 30.12.2020, लागत रु. 639.06 लाख। **(ख)** प्रारंभ दिनांक 06.06.2021 पूर्णतः अवधि-10 माह **(ग)** प्रगति पर। पूर्णता की संभावित तिथि 16.06.2024

प्रदेश के हाथी विचरण क्षेत्र में जनहानि एवं फसल नुकसान पर प्रदत्त मुआवजा

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

41. (क्र. 267) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक प्रदेश के हाथी विचरण क्षेत्र में हाथियों के द्वारा कितनी जनहानि एवं फसल नुकसान हुआ है? ब्लाकवार जानकारी देवें? **(ख)** शासन द्वारा कितने लोगों को जनहानि एवं फसल नुकसान का मुआवजा प्रदान किया गया? ब्लाकवार एवं कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के संदर्भ में किन-किन लोगों को कितनी-कितनी मुआवजा राशि प्रदान की गयी? विस्तृत जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक प्रदेश के हाथी विचरण क्षेत्रों में जनहानि के कुल 52 प्रकरण एवं फसल क्षति के 9,828 प्रकरण दर्ज किए गये है। ब्लाकवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ** अनुसार है । **(ख)** शासन द्वारा जनहानि के 52 एवं फसल हानि के 9,828 हितग्राहियों को मुआवजा प्रदान किया गया। ब्लाकवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ** अनुसार है । जिसमें कुल 9,46,60,262/- रूपये का भुगतान किया गया है।**(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के संदर्भ में मुआवजा भुगतान की विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ** अनुसार है ।

प्रदेश में ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

42. (क्र. 270) डॉ. चरण दास महंत : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवंबर-दिसंबर, 2023 में प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से खरीफ, रबी एवं उद्यानिकी फसलों की क्षति का विवरण जिलेवार बतावें व पीडित किसानों को आर्थिक पात्रताएं क्या-क्या है ? **(ख)** ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति हेतु शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? क्षति की राशि का भुगतान कब तक किये जाने की संभावना है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश के किसी भी जिले में ओलावृष्टि से खरीफ, रबी एवं उद्यानिकी फसलों की क्षति नहीं हुई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधान अनुसार सिंचित क्षेत्र के लिए रूपये 17,000/- प्रति हेक्टेयर न्यूनतम रूपये 2,000/- तथा असिंचित क्षेत्र के लिए रूपये 8,500/- प्रति हेक्टेयर न्यूनतम रूपये 1000/- देने का प्रावधान है। **(ख)** राज्य शासन द्वारा बजट में प्रावधान किया गया है। नवम्बर-दिसम्बर 2023 में प्रदेश में ओलावृष्टि नहीं होने के कारण किसानों को क्षतिपूर्ति देने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

अरपा नदी में बैराज निर्माण की जानकारी

[जल संसाधन]

43. (क्र. 271) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अरपानदी में बैराज निर्माण के लिए स्वीकृत बैराजों की संख्या एवं स्थल का नाम क्या है ? मूल लागत राशि कितनी-कितनी है ? निर्माण की समय सीमा क्या-क्या निर्धारित की गई है? कार्यो के पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ की स्थिति बतावें ? **(ख)** दिसम्बर, 2023 तक कार्य एजेन्सी को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं होने पर अनुबंध के अनुसार क्या दण्ड एवं शास्ति अधिरोपित की गयी है ? यदि नहीं की गई है तो क्यों ? निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाना संभावित है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) अरपा नदी में तीन बैराज यथा अरपा—भैंसाझार, शिवघाट, तथा पचरीघाट स्वीकृत है। प्रश्नांश की शेष **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है**।(ख)** प्रश्नांश 'ख' की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत पुल -पुलियों के निर्माण की स्थिति

[लोक निर्माण]

44. (क्र. 273) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 02 वर्षों में कितने पुल-पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं? वर्षवार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के कितने कार्य पूर्ण हैं, कितने कार्य अपूर्ण हैं एवं कितने कार्य अप्रारंभ हैं? विस्तृत देवें? **(ग)** कंडिका "ख" के अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? विस्तृत विवरण देवें? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 02 वर्षों में 03 पुल कार्य तथा 09 नग आर.सी.सी. बाक्स कल्वर्ट स्वीकृत किये गये है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** पूर्ण कार्य-निरंक, अपूर्ण कार्य-02, अप्रारंभ-10 **(ग)** विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को राज्य शासन की सेवा में लिए जाने हेतु प्रावधान

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

45. (क्र. 275) श्री धर्मजीत सिंह : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को शासन द्वारा शासकीय सेवा में अवसर दिए जाने का प्रावधान है? यदि हां, तो विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत विगत 03 वर्षों में कौन-कौन से विभाग द्वारा कौन-कौन से खेलों में कौन-कौन से खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में अवसर दिया गया हैं? विस्तृत विवरण देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने के प्रावधान हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की शासकीय सेवा में नियुक्ति की नीति 2007, 2010 एवं 2016 के तहत प्रावधान है। **(ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

कसडोल वनमंडल के वन परिक्षेत्रों में लंबित मजदूरी भुगतान

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

46. (क्र. 278) श्री संदीप साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कसडोल वनमंडल के अंतर्गत किन-किन वनपरिक्षेत्रों का समावेश है? जानकारी देवें? **(ख)** कसडोल वनमंडल के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में किस-किस वनपरिक्षेत्र के किन-किन कार्यों में मजदूरों का मजदूरी भुगतान किन कारणों से लम्बित है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वन विभाग अंतर्गत कसडोल, वनमंडल न हो कर कसडोल उप वनमंडल स्थापित है। कसडोल उप वनमंडल के अंतर्गत निम्नानुसार परिक्षेत्रों का समावेश है :-

1. सोनाखान	2. कसडोल (उ)	3. देवपुर
